CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मेरठ, रविवार 3 अगस्त 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 63 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा व आरएसएस के निशाने पर : खड़गे पेज 2



यशस्वी जायसवाल ने लगाया टेस्ट करियर का छठा शतक खेल टाइम्स



भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस पेज 11



नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी मुखर्जी बॉलीवुड

### अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच प्रधानमंत्री की ट्रम्प को दो टूक

# मोदी का संकल्प: अब वही खरीदेंगे जिसमें भारत का पसीना बहा हो

**वाराणसी, वार्ता**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है।

हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है, लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी ही नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए दूसरे को कहते रहना चाहिए, जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़ करके देशहित में हर पल हर जगह देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा। हम स्वदेशी का संकल्प लें! उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हम कुछ भी खरीदें, तो एक ही तराजू होना चाहिए। हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।



- कहा: आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

## बेटियों के सिंदूर के बदले का वचन पूरा किया: मोदी

- वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन, सावन का महीना हो, काशी हो, देशभर के किसानों से जुड़ना हो, इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की कितनी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से गुजरा। तब मैं, बाबा विश्वनाथ से यही मांग रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को ये दुख सहने की हिम्मत दे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। वाराणसी में ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर

# देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद

## कोर्ट ने 11 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**मैसूरु, वार्ता**

**बेंगलुरु की** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।



- अदालत ने पीड़ित महिला को सात लाख रुपये देने को कहा

## गैंगरेप पर अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विवादित पोस्टर

- सलाह दी, रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है, आपत्ति के बाद हटाया

**अहमदाबाद।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे। विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस का कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत है।

### धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्र ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

### ईसी ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का परिश्रम दोगुना किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

### अमृत उद्यान 16 अगस्त से खुल जाएगा जनता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इस महीने की 16 तारीख से जनता के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार अमृत उद्यान एक महीने यानी 14 सितम्बर तक जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा और शाम को सवा पांच बजे उद्यान में प्रवेश बंद हो जाएगा। रखरखाव कार्यों के लिए उद्यान को हर सोमवार को बंद रखा जाएगा।

# ईसी पर बरसे राहुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कांग्रेस नेता बोले- मेरे पास सबूत हैं, भारत के पीएम बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं
- लोकसभा चुनाव 2024 में 80 से अधिक सीटों पर धांधली हुई, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली 'बेजान' है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'धांधली' हुई है और उनके पास इस दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं।

दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनाव में 80 से अधिक लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई है, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 80 से अधिक है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर



- जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत, प्रयागराज में 1000 घर बाढ़ में डूबे

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को तीन अगस्त से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

### केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू, 22 किमी अतिरिक्त चलना होगा पैदल

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई दिनों से बाधित यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। अब श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल चलना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य सड़क मार्ग बाधित होने के कारण विगत कुछ दिनों केदारनाथ की यात्रा रुकी हुई थी। केवल वापस आ रहे यात्रियों को सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुंड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।

### एशिया कप मुकाबलों के लिए स्थानों का ऐलान

# दुबई में होगा भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**एशिया कप 9 से 28 सितम्बर तक यूएई में खेला जाएगा, 14 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भिड़ेंगे चिर प्रतिद्वंदी**

**नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एशिया कप के मुकाबलों के लिए स्थानों का ऐलान कर दिया। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप 9 से 28 सितम्बर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितम्बर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितम्बर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 10 सितम्बर को यूएई के खिलाफ करेगी। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप-ए में रखा गया है। ऐसे ही श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप-बी में हैं। एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीमों को अनुमति देगा। मैच दुबई और अबू धाबी में खेले जाएंगे। इससे पहले नकवी ने श्एक्सश पर टूर्नामेंट की औपचारिक घोषणा की। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने पोस्ट किया, श्मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों का एलान करते हुए खुशी हो रही है। यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितम्बर तक आयोजित होगा। हम क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। एशिया कप के आयोजन स्थल का फैसला 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में किया गया था। बैठक में सभी 25 सदस्य देशों ने भाग लिया था। बीसीसीआई इसका मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में इसलिए हो रहा है, क्योंकि भारत और पाक के बीच मौजूदा तनाव के कारण दोनों देशों ने 2027 तक केवल तटस्थ स्थानों पर ही मैच खेलने पर आपसी सहमति जताई है। इसी के तहत इसी साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाक था, पर भारत ने मुकाबले दुबई में खेले थे और चैंपियनशिप अपने नाम की थी। एशिया कप में भारत और पाक को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा, जहां दोनों एक बार भिड़ेंगी। इसके बाद सुपर फोर चरण में एक-दूसरे के खिलाफ एक और मुकाबला खेलने का मौका मिलेगा। दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो उनके बीच तीसरी मुकाबला भी हो सकता है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र, पंजाब व राजस्थान में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है सेना

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता की प्रतिबद्धता पर अडिग सेना मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है। सेना ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति सामान्य होने के बाद गुना और शिवपुरी जिलों में तैनात सैन्य टुकड़ियों को आज वापस बुला लिया गया। इस बीच अशो. कनगर-ग्वालियर से संचालित एक बाढ़ राहत टुकड़ी राहत और सहायता की संभावित आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए ईसागढ़ और सिहोरा क्षेत्रों का सक्रिय रूप से सर्वेक्षण कर रही है। धौलपुर में सेना की एक टुकड़ी स्थिति बिगड़ने पर सहायता के लिए तैयार है। साथ ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से प्राप्त अनुरोध पर शीघ्र कदम उठाते हुए सेना ने एक टीम तैनात की है। इस टीम को बाढ़ जैसी स्थिति के कारण जलभराव की समस्या के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

### छात्रा-अध्यापकों पर लाठीचार्ज की निंदा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे छात्रों और अध्यापकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि देश का युवा सड़क पर है, लाठियां खा रहा है, क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि एसएससी की परीक्षाएं लाखों युवाओं की जिंदगी बदल सकती हैं, लेकिन जब प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में हो तो भरोसा कैसे बचेगा?

### प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपये भेजे

# किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

**वाराणसी, वार्ता**



■ सपा और कांग्रेस को बताया विकास विरोधी, सरकार किसानों के लिए कृतसंकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की और कहा कि उनकी सरकार देश के किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री आज अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के 51वें दौरे पर आए। मोदी ने सेवापुरी क्षेत्र के बनौली गांव में एक जनसभा स्थल से पीएम किसान सम्मान की किस्त जारी करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों को 'विकास विरोधी' बताते हुए कहा कि इन पार्टियों ने शुरू में इस योजना के बारे में लोगों और किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर हुई एक घोषणा भी पूरी होना मुश्किल होता था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है! आज पीएम किसान सम्मान निधि सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुकी है। इस योजना के तहत अब तक देश भर में किसानों को पौने चार लाख करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के करीब ढाई करोड़ किसानों को 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई है। मोदी ने कहा कि 2019 में जब पीएम-किसान सम्मान निधि शुरू हुई थी, तब समाजवादी पार्टी-कांग्रेस जैसे ने लोगों को गुमराह करने के लिए कहा था 2019 के चुनाव के बाद यह योजना बंद हो जाएगी और मोदी ने जो पैसा अभी जमा किया है ना, वो भी वापस निकाल लेगा।

प्रधानमंत्री ने इस तरह की राजनीति को 'देश का दुर्भाग्य' बताते हुए कहा कि निराशा की गर्त में डूबा हुआ विरोधी मान. सिकता वाले लोग ऐसी ही झूठी सच्चाई को लेकर के जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना में ऐसी पक्की व्यवस्था बना दी है कि न कोई लीकेज होगी, न ही गरीब का हक छीना जाएगा। इसका पैसा बिना किसी कट-कमीशन, बिचौलिए या हेराफेरी के, सीधे किसानों के खाते में पहुंचता है। उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा हाल में स्वीकृत 24 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए, कृषि व्यवस्था मजबूत और विकसित करने के लिए इसे देश के ऐसे जिले में लागू किया जाएगा, जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए, पिछड़े रह गए। इससे उत्तर प्रदेश के भी लाखों किसानों को फायदा होगा। मोदी ने कहा कि किसानों के जीवन में बदलाव के लिए, उनकी आय बढ़ाने के लिए, खेती पर होने वाला खर्च कम करने के लिए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पूरी शक्ति से काम कर रही है, पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के किसानों के दावे निपटाए जा चुके हैं।

### 20वीं किस्त जारी करने पर चाहर ने किया मोदी का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। चाहर ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपए डाले हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों के खाते में 3.89 लाख करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। 18 जून 2024 को 19वीं किस्त के रूप में 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि एक फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कृषि आदानों की खरीद में सभी किसान परिवारों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, जो अनुमानित कृषि आय के साथ-साथ घरेलू जरूरतों के लिए भी है।

# योगी सरकार के एजेंडे को धार देंगे गोयल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी गोयल को नया मुख्य सचिव बनाया है। अधिकारियों की माने तो नए मुख्य सचिव एसपी गोयल विधानसभा चुनाव 2027 के लिहाज से योगी सरकार के एजेंडे को धार देने का काम करेंगे।

हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान कई वरिष्ठ नौकरशाहों की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा जो देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर बैठने की उम्मीद पाले बैठे थे। उच्च पदस्थ सूत्रों की माने तो सत्ता के गलियारों में अभी से इस बात की चर्चा भी शुरू हो चुकी है कि चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए गोयल को कम से कम तीन महीने का विस्तार मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल का राज्य नौकरशाही के शीर्ष पर लंबा कार्यकाल तय है, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति लगभग 18 महीने बाद जनवरी 2027 के अंत में होनी है। उनका संभावित लंबा कार्यकाल उन्हें विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय देगा।

### आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया गया

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सैन्य बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में पल बढ़ रहे आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया गया। काशी के सेवा. पुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली कालिका धाम में एक जनसभा में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का काशीवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि सावन मास में प्रधानमंत्री जी की काशी में उपस्थिति विशेष है, जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरी दुनिया ने देखा।

# अंगदान को लेकर पूरे देश में लागू होगी एक यूनिफॉर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंगदान को लेकर अलग-अलग राज्यों में प्रचलित नियम व कानून को 'वन नेशन वन पालिसी' के तहत लाने की तैयारी है। इसके लिए नेशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) ने सभी राज्यों की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर लागू करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' के 99 एपिसोड में इसका जिक्र कर चुके हैं। अभी तक अंगदान को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में लोग सर्टिफिकेट के लिए बढ़-चढ़कर प्रतिज्ञा लेते हैं। लेकिन अवसर आने पर इनमें से अधिकांश लोग नदारत हो जाते हैं। दूसरे अंगदान को लेकर अलग अलग राज्यों में अलग-अलग नियम व शुल्क निर्धारित है। जिसको देखते हुए नोटो ने सभी राज्यो की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर वन नेशन वन पालिसी के तहत लागू करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा है। जिससे पूरे देश में एक यूनिफॉर्म लागू किया जा सके। एसजीपीजीआई में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख व यूपी में नोटो के प्रभारी प्रो नारायण प्रसाद ने बताया कि ड्राफ्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार आधारित प्रणाली को लागू करने की मांग की गई है।

### अब यूपी पुलिस भी सीबीआई और ईडी के नक्शे कदम पर

**लखनऊ।** यूपी में अब पुलिस की गिरफ्तारी और तलाशी की कार्रवाई अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यूपी के डीजीपी ने गिरफ्तारी और तलाशी से जुड़े 16 बिंदुओं पर आधारित नया मेमो सभी जिलों को भेजा है। हर गिरफ्तारी की प्रक्रिया को कागजों में दर्ज करना और उसकी पूरी जानकारी नियमानुसार देना अनिवार्य कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब हर आरा. पी की गिरफ्तारी के लिए एक अधिकारी को नामित करना जरूरी होगा, जो गिरफ्तारी से संबंधित सभी विवरण तैयार करेगा। इसके साथ ही इस विवरण को संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# भाजपा-आरएसएस पर भड़के खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा, आरएसएस के निशाने पर: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।

खड़गे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का अधिकार देता है, लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं।

भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है, जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैए से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे, तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है।



सेंसेक्स 81337.95
निफ्टी 2482110



सोना रु. 100000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114900
प्रति किलो




# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी एरसिल

**मुंबई, वार्ता**

देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) एरसिल ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने आईपीओ के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। वह शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली देश की पहली एआरसी होगी।

आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 10,54,63,892 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे। इनमें 6,87,39,034 इक्विटी शेयर एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा और 1,94,45,000 शेयर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बेचे जा रहे हैं।



लाठे इनवेस्टमेंट 1,62,44,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक ऑफ इंडिया 10,35,000 इक्विटी शेयर बेच रहा है।

आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और जेएम फाइनेंशियल को आईपीओ के लिए बैंकर नियुक्त किया गया है। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एरसिल) की स्थापना 2002 में हुई थी। यह देश की पहली एआरसी कंपनी है। देश के 12 राज्यों में कई क्षेत्रें में परिसंपत्ति पुनर्गठन का उसका कारोबार फैला हुआ है। उसका नेटवर्थ 2,462.511 करोड़ रुपए है। कंपनी ने अब तक 652 ट्रस्ट बनाए हैं, जिनमें 199 को सफलतापूर्वक वित्तीय परिसंपत्ति समाधान के बाद बंद कर दिया गया है। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में एरसिल का परिचालन राजस्व 596.423 करोड़ रुपए और कुल आय 623.399 करोड़ रुपए रही। तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 355.319 करोड़ रुपए रहा।

### दूसरे दिन भी सोने-चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। ये लगातार दूसरा दिन है जब सोने और चांदी के दामों में कमी आई है, जिससे खरीदारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है। विस्तार से जानते हैं कि दिल्ली, हरिद्वार और अन्य प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के ताजा भाव क्या हैं? अगस्त के पहले दिन सोने की कीमत में 580 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई थी और आज 2 अगस्त को भी गिरावट जारी रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बना हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने का रेट 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का दाम 99,960 प्रति दस ग्राम रहा, जबकि चेन्नई में 99,810 रुपये था। मुंबई में सोन का भाव 99,960 रहा, जबकि कोलकाता में 99,960 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। कुछ विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि दीपावली तक चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं,जिससे ये निवेश का एक आकर्षक विकल्प बन सकता है।

# चावल सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़ चीनी-दालों में नरमी

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम टूट गए जबकि गेंहू की कीमतों में स्थिरता रही। चीनी सस्ती और गुड़ महंगा हुआ। दालों में भी नरमी रही। वहीं खाद्य तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए घटकर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गयी। गेहूं 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 11 रुपए चढ़कर 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 112 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 168 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल करीब 14 रुपए चढ़ा, जबकि वनस्पति छह रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। सूरजमुखी तेल 16 रुपए और पाम ऑयल करीब 29 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल में औसतन 30 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। चना दाल 30 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। तुअर दाल 107 रुपए प्रति क्विंटल और दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी आठ रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.49 रुपए और चावल 3805.37 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4275.77 और गुड़ 4938.78 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17660.97 रुपए, मूंगफली तेल 17681.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15286.49 रुपए, सोया रिफाइंड 13800.12 रुपए, पाम ऑयल 12254.80 रुपए और वनस्पति तेल 14502.00 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेटियों के..** सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का वो पल और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर मिला है। काशी में शनिवार को एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूरी दी है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे। उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के बाद ये बात कही। जब काशी से धन जाता है, तो अपने आप प्रसाद बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में 2200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। पीएम ने कहा कि आज काशी में 2 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने कहा कि काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिवभक्तों की दिव्य तस्वीरें देखने का अवसर मिल रहा है, खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकलते हैं, यह बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। डमरू की आवाज से अद्‌भुद भाव पैदा होता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन के पवित्र महीने में बाबा विश्वनाथ और मार्कंडेय महादेव के दर्शन करूं। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का जयकारा भी लगाया।

**ईसी पर...** (ईसी)का अस्तित्व खत्म हो चुका है और वह गायब हो गया है। चुनाव आयोग से मिले दस्तावेजें का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने यह पता लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 6.5 लाख मतदाताओं में से लगभग 1.5 लाख मतदाता फर्जी थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को नष्ट कर दिया गया है और उस पर कब्जा कर लिया गया है, लेकिन हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व ही नहीं है, यह गायब हो गया है। इस सबूत को खोजने में हमें लगातार छह महीने लगे हैं। आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट देते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें 2014 से ही कुछ गड़बड़ होने का संदेह था। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अपनी हार के बाद चुनावी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी, जहां विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक करोड़ नए मतदाता सामने आए, जिन्होंने भाजपा को वोट दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में मुझे पहले से ही शक था, बड़ी जीत हासिल करने की यह क्षमता। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश या गुजरात में एक भी सीट नहीं मिली, जिससे मैं हैरान था। फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में हम चुनाव जीते। फिर चार महीने बाद हम न सिर्फ हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। तीन मजबूत पार्टियां अचानक गायब हो गईं। हमने चुनावी गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच शुरू की और पाया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को गए।

**उत्तराखंड के...** में शुक्रवार रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई थी। मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति फेल: महबूबा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटाए जाने के 6 साल पूरे होने से पहले पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह से विफल हो गई है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35। को हटाया गया था। इस पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त 2019 से पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और आर्टिकल 370 को इस दावे के साथ हटा दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह से विफल रही है। मुफ्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है। उन्होंने सुरक्षा बलों पर जारी कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक रूप से हालात खराब हैं। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ्तारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालांकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थिति में आ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सात माह की गर्भवती को पति ने उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गंगानगर थाना क्षेत्र के अमहेड़ा गांव में सात माह की गर्भवती महिला की निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई। सपना (22) की उसके पति रवि शंकर ने धारदार चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर वारदात की सूचना दी। सपना मूल रूप से लिसाड़ी गेट के जाटव गेट की रहने वाली थी और बीते 20 वर्षों से अपनी बहन पिंकी की ससुराल अमहेड़ा गांव में रह रही थी। जनवरी 2025 में सपना की शादी रविशंकर से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। करीब पांच



माह से सपना अपनी बहन के घर पर ही रह रही थी।

शनिवार सुबह रवि उससे मिलने पहुंचा, और बातचीत के बहाने घर के सभी दरवाजे बंद कर दिए। इसके बाद पहली मंजिल पर उसने सपना पर चाकू से कई वार किए। घटना के समय अन्य परिजन नीचे मौजूद थे, लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण वे अंदर नहीं जा सके। विवाहिता की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और परिवार वाले दौड़े, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद आरोपी रवि ने खुद पुलिस को फोन कर हत्या की सूचना दी। सूचना मिलने पर सीओ सदर देहात और गंगानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की, जहां कमरे में चारों ओर खून फैला हुआ था। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होगी।

## सूबेदार की पत्नी ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** थाना क्षेत्र के अलक. नंदा धाम कालोनी में शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान ज्ञानेश (38) पत्नी विपिन के रूप में हुई। मृतका ज्ञानेश के पति भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर है और इस समय राजस्थान के श्री गंगानगर में तैनात है। ज्ञानेश अलकनंदा कालोनी में अपने दो बच्चों के साथ किराए पर रहती थी। शनिवार की सुबह विपिन का छोटा भाई जब गांव से पहुंचा तो देखा कि कमरे में उसकी भाभी का शव फंदे से लटका हुआ है उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गंगानगर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि मामला आत्म हत्या का लग रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

# नगर निगम कार्यालय पर कांग्रेस ने भरी हुंकार

## महानगर की जनता पर मनमाने तरीके से गृहकर लगाने का कांग्रेसियों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर निगम कार्यालय पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन एवं घेराव किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला और पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने किया। इस बीच कार्यकर्ताओं और पुलिस की तीखी नोकझोंक भी हुई। नगर आयुक्त का ऑफिस बंद मिलने पर कांग्रेसी भड़क गए और नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए। कांग्रेस के कार्यकर्ता नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपने पर अड़े रहे।




रंजन शर्मा ने कहा कि महानगर की आम जनता पर जबरन थोपा गया GIS आधारित हाउस टैक्स किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह टैक्स निर्धारण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और इसका सीधा बोझ मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों पर डाला गया है। यदि यह वृद्धि वापस नहीं ली गई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने भी इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कन्हा गौशाला में हुई गोहत्या की घटना उत्तर प्रदेश सरकार के गौ संरक्षण के खोखले दावों की पोल खोलती है। गायों की सुरक्षा के नाम पर राजनीति करने वाले, अब उनकी हत्या पर चुप क्यों हैं? चारा घोटाला और गोवंश की उपेक्षा इस सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने GIS आधारित हाउस टैक्स में की गई वृद्धि को तुरंत वापस लेने। कन्हा गौशाला में हुई गोहत्या की न्यायिक जांच कर दोषियों को सजा देने। गौशाला में हुए चारा घोटाले की स्वतंत्र जांच कराने। नगर निगम द्वारा गौशालाओं में पारदर्शिता लाने हेतु जन निगरानी समिति का गठन करने की मांग की है। इस दौरान सलीम खान, सलीम पठान, मुल्ला जी अशरफ, रोबिन नाथ उर्फ गोलू आदि मौजूद रहे।

### जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की दूरी बनी रही चर्चा का विषय!

प्रदर्शन के दौरान दबी जुबान से कांग्रेसी कार्यकर्ता यह कहते दिखे की अगर हाईकमान का आदेश न हो तो जिला कांग्रेस कमेटी के जिम्मेदार महानगर कमेटी का कहीं भी हौसला अफजाई नहीं करते। बीते दिनों में देखने में आया है कि महानगर कमेटी द्वारा मंडलायुक्त कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित अपने कार्यालय पर भी धरना प्रदर्शन व मीटिंग आदि करते देखे गये हैं। हालाकि दो कमेटी हैं दोनों का कार्य क्षेत्र अलग है लेकिन लक्ष्य तो एक ही है। जनता की आवाज उठाना ठीक उसी तरह जैसे राज्यसभा और लोकसभा दो सदन होते हैं। लेकिन राजनैतिक दल का अपने नीति के प्रति लक्ष्य एक ही होता है। मेरठ में दोनों कमेटी के रास्ते स्पष्ट रूप से जुदा नजर आ रहे हैं, जबकि जिला कमेटी में पदाधिकारी काफी संख्या में हैं।

## रॉकलैंड इंटरनेशनल स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के रॉकलैंड इंटरनेशनल स्कूल में चल रही दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (फिजिक्स) कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। विद्यालय के चेयरमैन अमित गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या रूपल नेहरा की कुशल योजना एवं क्रियान्वयन से यह कार्यशाला अत्यंत सफल रही। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों की समस्या समाधान क्षमता को बढ़ाना तथा मूल्यांकन अवधारणाओं का अनुभव प्रदान करना शामिल था। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस कार्यशाला से सभी प्रतिभागियों को टीम वर्क और प्रायोगिक कौशल कार्य में सुधार होगा।

# जहारवीर गोगा जी मेले का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को तहसील मवाना के ग्राम निलोहा में जहारवीर गोगा जी के पावन अवसर पर एक भव्य अराजनैतिक मेला आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र भर से सैकड़ों श्रद्धालुओं, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनों ने सहभागिता की। यह आयोजन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पधारे धर्मेंद्र मलिक राष्ट्रीय प्रवक्ता, भा.कि.यू अराजनैतिक ने मेले का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गोगा जी महाराज हमारी लोक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और किसान चेतना को जागृत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालू प्रधान जिला अध्यक्ष, ने की। उन्होंने कहा



कि गोगा जी मेले के माध्यम से गांवों में भाईचारा, आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती का संदेश जाता है। इस अवसर पर कई गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विनीत प्रधान, बाबू राम धामा, मेराज मलिक, सुधीर पहलवान, मंजीत धामा, सोनू धामा, खुश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन से दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

■ पुलिस ने कोर्ट में पेश किया आरोपी


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जनपद में ड्रोन के देखे जाने की घटना आम हो गई है। लोगों में इससे काफी दहशत क्षेत्र में फैली है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इसकी अफवाह फैलाने वाले लोगों पर सभी थानाध्यक्षों को कार्रवाई के निर्देश जारी किये है।

शुक्रवार की देर रात को थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ड्रोन उड़ाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा था जिसमें आरा. ेपी ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल की थी। सभी क्षेत्र के लोग ड्रोन देखकर डर भी गए थे तभी मौके पर जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने एक ड्रोन अवैध तरीके से उड़ा रहा था पुलिस ने आरा. ेपी को ड्रोन के साथ दबोच लिया लगातार क्षेत्र में ड्रोन जैसी अफवाह फैल रही थी आरोपी की पहचान साजिद पुत्र मुन्ना निवासी बहरामपुर के रूप में हुई पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया।



## हज यात्री अब 7 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन: रुहेल आजम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ. रूहेल आजम ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, द्वारा जनपद से जाने वाले हज यात्रियों के हितार्थ हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर अब सात अगस्त कर दी गयी है। जिन आवे. दको ने अपना रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वह तत्काल अपना आवेदन कर ले, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन करा लिया है व ऑनलाइन आवेदन किन्हीं कारणों से पूर्ण नही किया है वह भी आवेदन को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लें, अन्यथा वह हज-2026 में आवेदन से वंचित रह सकते है। जिन इच्छुक हज आवेदको का भारतीय अन्त र्राष्ट्रीय पासपोर्ट 31 दिसम्बर 2026 तक वैद्य नहीं है वह अपने पासपोर्ट के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपना पासपोर्ट शीर्घ निर्गत कराने हेतु अनुरोध करें, ताकि हज हेतु समयन्तर्गत आवेदन हो सके। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त हज यात्रियों नियत तिथि अन्तर्गत सभी प्रक्रिया पूर्ण करा लें।

# ग्राम नित्यानंदपुर के हालात बदतर विकास ठप, ग्राम प्रधान गुरुग्राम में व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम नित्यानंदपुर की गलियों में आजकल रास्तों की हालत बदतर है, गांव का वह प्रतिनिधि जिसे विकास का वादा कर चुना गया था, लेकिन उसने कुर्सी मिलते ही गांव से नाता लगभग तोड़ लिया।

ग्राम वासियों का कहना है कि ग्राम प्रधान नौशाद का सारा ध्यान हरियाणा के गुरुग्राम स्थित अपने निजी कारोबार पर है। गांव के लोग प्रधान से मिलने के लिए तरस जाते हैं। गांव की गलियों में कीचड़ भरी है, नाली जाम है, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी है, और बरसात में हालात नरक जैसे हो जाते हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि



चुनाव से पहले नौशाद प्रधान ने बड़े-बड़े वादे किए गए थे। सड़कें पक्की होंगी, सफाई होगी। लेकिन चुनाव जीतने के बाद प्रधान जी सिर्फ कागजों में सक्रिय हैं। गांव में उनकी मौजूदगी दुर्लभ है। ग्राम वासीयों ने बताया कि ईद या अन्य त्यौहार पर गांव आते हैं। विकास की बात करने से कतराते हैं।

### गांव में एक गड्ढा तक नहीं भरवाया गया

गांव की महिलाओं ने बताया कि वे बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए रास्ते बदहाल हैं क्योंकि मुख्य रास्ता कीचड़ और गड्ढो से भरा है। स्कूली बच्चों को भी रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है।

### प्रशासन से लगाई गुहार

ग्रामवासियों ने अब स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। अगर प्रधान गांव की समस्याओं को हल करने में असमर्थ हैं, तो पंचायत द्वारा उनकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। ग्राम नित्यानंदपुर गांव आज भी विकास के इंतजार में है, लेकिन उसका चुना हुआ प्रतिनिधि गांव छोड़ शहर में आराम से कारोबार चला रहा है। क्या इस गांव को कभी वह नेतृत्व मिलेगा, जो जमीन पर काम करे, न कि सिर्फ कागजों पर इस सम्बन्ध में जब नौशाद प्रधान से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## एनएएस कॉलेज में एलएलबी का पोर्टल ओपन करने व विंडो खोलने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ में नए सत्र 2025-26 के रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं लेकिन एनएएस कॉलेज का समर्थ पोर्टल पर नाम नहीं खुलने की वजह से छात्र सेल्फ फाइनेंस कॉलेज की तरफ रुख कर रहे हैं। ऐसे में गरीब छात्र असमंजस की स्थिति में हैं। वहीं विश्वविद्यालय के लंच खत्म होने के बाद डिग्री सैक्शन की विंडो व एआर की विंडो शीट पर 3 बजे तक कोई कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित नहीं था। छात्रों की लम्बी कतार लगी देख सीसीएसयू के छात्र नेता व भीम आर्मी के पश्चिम प्रभारी शान मुहम्मद व जिलाध्यक्ष खालिद डुंगरावली ने कुलसचिव कार्यालय पर हंगामा कर दिया। कुलसचिव अनिल कुमार के निरीक्षण के बाद अधिकारी व कर्मचारी अपनी सीट पर उपस्थित हुए जिसके बाद छात्रों का कार्य शुरू हुआ। वहीं कई छात्र ऐसे मिले जिनको दो महीने तक मार्कशीट आवेदन के बाद भी घर नहीं पहुंची।

# शाहजहांपुर में खुली आधुनिक एएस सैलून एकेडमी

■ ग्रामीण युवाओं को मिलेगा हुनर और रोजगार का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर शाहजहांपुर में शनिवार को 'आधुनिक एएस सैलून एकेडमी' का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस एकेडमी की स्थापना ग्राम नानपुर निवासी वसीम अहमद द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवक-युवतियों को ब्यूटी और ग्रूमिंग क्षेत्र में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन वसीम अहमद के पिता अय्यूब अली, तथा मुमताज आलम ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।

**हुनरमंद बनेंगे युवा, मिलेगा आत्मनिर्भरता का रास्ता:** एकेडमी के संस्थापक वसीम अहमद ने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से हम युवाओं को हेयर स्टाइलिंग, मेकअप



आर्ट, सैलून और ब्यूटी पार्लर से जुड़े विभिन्न कोर्स की ट्रेनिंग देंगे, जिससे वे भविष्य में खुद का रोजगार शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवाओं को डिग्री से ज्यादा हुनर की जरूरत है, और यह एकेडमी उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय जनता ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह एकेडमी न केवल युवाओं को रोजगार से जोड़ेगी, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और स्वावलंबन की दिशा में भी प्रेरित करेगी। इसे मौके पर पूर्व चेयरपर्सन पति तबारक उल्ला खान, पूर्व प्रधान अब्दुल वाहिद कुरैशी, चेयरमैन वसी उर्र रहमान, शकील खां आदि उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगो को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष आदेश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे थे। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मांगे पूरी कराने की मांग की। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनवाने, छांगुर जेहादी व उसके गुर्गों पर रासुका के तहत कार्यवाही किए जाने, गौकशी करने वालों का एनकाउंटर किए जाने आदि की मांग की। इस मौके पर सचिन गुप्ता, अंकित शर्मा, दिव्यांशु शर्मा, जय भगवान तोमर, रोहित त्यागी, राजकुमार त्यागी, देवेंद्र सैनी, जॉनी तालियान, सनी, हितेश पंडित, आदि मौजूद थे।

# फर्जी ड्रोन पोस्ट करने वालों पर मेरठ पुलिस का शिकंजा, आठ दबोचे, 15 पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ड्रोन को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ मेरठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर की गई फर्जी पोस्ट्स की जांच कर 15 एफआईआर दर्ज की हैं और अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की साइबर टीम द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत ड्रोन से जुड़ी सोशल मीडिया गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। जांच में पाया गया कि इंस्टाग्राम पर 19, फेसबुक पर 7 और ट्विटर पर 2- कुल 28 फर्जी व भ्रामक पोस्टें साझा की गई थीं, जिनमें ड्रोन से जुड़ी झूठी सूचनाएं फैलाई जा रही थीं। इन पोस्टों से आमजन में डर और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इन पोस्टों के आधार पर परतापुर, परीक्षितगढ़, भावनपुर, लोहियानगर, मेडिकल, मुण्डाली, सरधना, किठौर, जानी, कंकरखेड़ा और टीपीनगर थानों में कुल 15 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। मेरठ पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना थाना पुलिस को सूचना दिए ड्रोन उड़ाना, अथवा इससे जुड़ी झूठी या भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर फैलाना दंडनीय अपराध है। भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।



## समाधान दिवस में 96 शिकायतों का जल्द होगा निस्तारण: जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समयसीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में 96 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनके समयसीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 96 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। डीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई करायी जायेगी।

# सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में शोध पत्र लेखन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विश्व. विद्यालय के प्रकाशन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध श्रीवास्तव विषय विशेषज्ञ के रुप में उपस्थित रहे। इस दौरान कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. सुधीर त्यागी एवं विभिन्न विभागों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रो. डॉ. सुधीर त्यागी, संकायाध्यक्ष, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ने कहा कि आज के समय में जब देश के प्रधानमंत्री का



विजन देश को 2047 तक विकसित एवं समृद्ध भारत बनाने का है तो ऐसे में हम सभी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों एवं युवाओं का कर्तव्य बनता है कि हम नवीन एवं सार्थक खोजों एवं अनुसंधानों के द्वारा इस विजन के साकार होने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को शोध की ओर अधिक से अधिक ध्यान देना होगा। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा शोध पत्र लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर यह कार्यशाला आयोजित करवाना एक प्रशंसनीय कार्य है।

इसके लिए विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सिंह एवं उनकी टीम बधाई की पात्र हैं। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विषय विषेशज्ञ डॉ. अनिरुद्ध श्री वास्तव, प्रभारी, प्रकाशन प्रकोष्ठ ने कहा कि आज के समय में उच्च स्तर के शोध कार्यों की नितांत आवश्यकता है। ऐसे में शोधार्थियों द्वारा शीघ्रता से शोध पत्र पूरा करने के फेर में कई बार कुछ कमियां रह जाती हैं जिनसे उनका शोध पत्र उच्चस्तर के जर्नल्स में प्रकाशन से वंचित रह जाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में शोध-पत्रों में मौलिकता व नैतिकता की भारी कमी है। शोध पत्र लेखन के विभिन्न आयामों पर डॉ. श्रीवास्तव ने विस्तार से सभी के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

## हरियाणा पुलिस का बस्तौरा नारंग में छापा, दो युवकों को लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** हरियाणा के गुरुग्राम जनपद की थाना उद्योग विहार की पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के बस्तौरा नारंग गांव में दबिश देकर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस एक गाड़ी को भी अपने साथ ले गई है। थाना प्रभारी शशांक द्विवेदी ने बताया कि शनिवार की प्रात: हरियाणा के गुरुग्राम के थाना उद्योग विहार की पुलिस ने थाना पर आवश्यक कार्यवाही की सूचना देने के पश्चात बस्तौरा नारंग गांव में दबिश दी। बताया जा रहा है कि गांव में पुलिस पहुंचने से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए युवको के उद्योग विहार थाना में किसी के अपहरण के पश्चात फिरौती न देने पर हत्या करने की घटना से तार जुड़े होने बताए जा रहे हैं। इस संबंध में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर से जानकारी करने का प्रयास किया तो उन्होंने किसी भी जानकारी से इंकार कर दिया जबकि पुलिस ने दो युवको समेत एक गाड़ी को भी अपने साथ ले गयी है। हरियाणा पुलिस ने हिरासत में लिए गए युवकों की जानकारी थाना पर नहीं दी है।

### नेशनल स्कूल में अनुशासन समिति को दिलाई शपथ

**सरधना।** नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को अनुशासन समिति का गठन कर उन्हें शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शमा ने किया तथा अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक मुदस्सिर राणा ने की। हेड बॉय आहद और हेड गर्ल सोफिया को चुना गया। दोनों को स्कूल में अनुशासन बनाए रखने की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, वाइज हेड बॉय शाद और वाइज हेड गर्ल आरिफा को सहायक भूमिका में नियुक्त किया गया। प्रबंधक मुदस्सिर राणा ने अनुशासन समिति को बधाई दी।

# डंफर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

## करनाल हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा, चचेरा भाई भी घायल, डंफर छोड़कर चालक हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार सुबह मेरठ करनाल हाईवे पर नानू गांव में फ्लाईओवर पर एक डंफर ने बाइक में टक्कर मारकर बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ रहा एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। उधर, डंफर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंफर को कब्जे में ले लिया था।

बुलंदशहर जिले के कस्बा व थाना खानपुर निवासी 35 वर्षीय दानिश पुत्र इकराम अपने चचेरे भाई कैफ पुत्र ईसा के साथ बाइक पर सवार होकर शामली से मेरठ जा रहा था। जैसे ही वे करनाल हाईवे पर नानू गांव में फ्लाईओवर पर पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे रोड़ी से भरे एक डंफर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों कई फिट हवा में उछले और सड़क पर गिर गए। इस दौरान दानिश डंपर के पिछले पहिए की चपेट में आ गया। जिससे उसके सर व शरीर के चीथड़े उड़ गए। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि कैफ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक डंपर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची सरधना पुलिस ने शव का पंचनामा भर मोर्चरी भेज दिया और घायल कैफ को इलाज के लिए साम.



मृतक का फाइल फोटो।

दायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आई। पुलिस ने डंफर को अपने कब्जे में ले लिया था। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी थी।



अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

# रुपये के लेन-देन को लेकर भिड़े दो पक्ष, धारदार हथियार चले

## महिला समेत कई लोग गंभीर रूप से हुए घायल, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सरूरपुर खुर्द में पैसे के लेनदेन पर धार-धार हथियार चल गए। हमले में दोनों तरफ से एक महिला समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पीड़ितों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर देकर करवाई की मांग की है।

पीड़ित अनिल कश्यप पुत्र मदनमोहन कश्यप ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम को पड़ोस के ही रहने वाले सोनू पुत्र ओमपाल कश्यप व उसका भाई अशोक ने कोल्हू के पैसे के लेन देन को लेकर थप्पड़ मार दिया। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परि. जनों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पिता ने तहरीर में बताया कि गांव के ही अनिल पुत्र मदनमोहन, काकुल और गोलू घर में घुस आए और तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले सोनू पर हमला किया और उसके बाद उसकी पत्नी और बच्चों को भी नहीं छोड़ा। बीच-बचाव करने आए सोनू के भाई को भी बुरी तरह पीटा गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान गाली गलौज भी की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर देकर करवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है आरोपियों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

### रितिक हत्याकांड

# पीड़ित परिवार ने एसएसपी से की हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना परतापुर क्षेत्र में पीट-पीट कर रितिक की हत्या के आरोपियों को ढूंढने में पुलिस अभी नाकाम है। शनिवार को घटना के चश्मादीत गवा पर आरोपियों ने घर पहुंच कर हमला किया। जिसको लेकर पीड़ित परिवार पार्षदों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचा और परतापुर पुलिस के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। मोहिउद्दीनपुर निवासी रामनिवास पुत्र हरि सिंह ने बताया कि मंगलवार को रोहित, अमित, रजत, दीपक, सौरभ, अंशुल, राजेश ने रोहित की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। थाना परतापुर में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है

**मृतक के भाई पर आरोपियों ने किया हमला, लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा**

लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके चलते आरोपियों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने पूरे घटना के गवाह पर भी हमला कर दिया। हमलावर को आसपास के लोगों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया लेकिन बाकी आरोपी के खिलाफ अभी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्हें दो दिन का आश्वासन दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में 15वें भारतीय अंगदान दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को शासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में 'अंगदान जीवन संजीवनी अभियान' के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज मेरठ के नेत्र रोग विभाग तथा नर्सिंग कॉलेज में में 15वे भारतीय अंगदान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग एवं नर्सिंग कॉलेज में एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें अंगदान से संबंधित पोस्टर एमबीबीएस पाठ्यक्रम व नर्सिंग पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये।

प्रतियोगिता में आशीष गोयल ने प्रथम स्थान, कली अग्रवाल ने द्वितीय एवं नीतिश कुमार ने तृतीय स्थान



प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य महोदय द्वारा ट्रॉफी दी गई एवं उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने सभी को अंगदान करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. धीरज बालियान प्रमुख अधीक्षक द्वारा नेत्र रोग विभाग की तारीफ करते हुए अन्य अंगों हेतु भी अंगदान की जागरूकता बढ़ाये जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लो. केश कुमार सिंह ने सभी को नेत्रदान हेतु शपथ दिलाई एवं सभी को धन्यवाद करते हुए उन्होंने नर्सिंग संवर्ग के सदस्यों से आपातकालीन विभाग में होने वाले मरीजों की मृत्यु के पश्चात नेत्रदान हेतु मरीजों के रिश्तेदारों को प्रेरित करने हेतु संवेदनशील बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. एस बालमणि बोस, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. प्रियांक गर्ग, डॉ. प्रियंका गोसाई, स्नातक व परास्नातक छात्र, नर्सिंग संवर्ग एवं आई बैंक काउंसलर आदि उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से बैल की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र में मेरठ-बड़ौत मार्ग पर कस्बा खिवाई के पास शुक्रवार देर रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रोडवेज बस ने एक बैल बुग्गी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बैल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बैल बुग्गी चला रहा किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल किसान की पहचान सुलेमान निवासी कस्बा खिवाई के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बैल बुग्गी सड़क पर चल रही थी, तभी तेज गति से आ रही रोडवेज बस ने

**किसान गंभीर रूप से घायल हो गया**

उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बैल की मौके पर ही मौत हो गई और किसान सुलेमान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद रोडवेज बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं, पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# फॉरेंसिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 68वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2025 में मेरठ जोन की फॉरेंसिक टीम ने अपनी वैज्ञानिक दक्षता, अनुशासन, और टीम वर्क का परिचय देते हुए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने हेतु फॉरेंसिक साइंस के उपयोग को बढ़ावा देना, अपराधों की तकनीकी जांच को सुदृढ़ करना तथा वैज्ञानिक पुलिसिंग को प्रोत्साहित करना है।

**फॉरेंसिक विज्ञान न्याय व्यवस्था की रीढ़:** इस प्रतियोगिता के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस यह संदेश देना चाहती है कि अपराध के





विरुद्ध लड़ाई अब केवल परंपरागत तरीकों से नहीं, बल्कि प्रमाण-आधारित और वैज्ञानिक सोच से लड़ी जाएगी। डीएनए, फिंगरप्रिंट, डिजिटल साक्ष्य और अपराध स्थल विश्लेषण जैसे पहलुओं में दक्षता ही आधुनिक न्याय प्रक्रिया को गति और न्यायिक गुणवत्ता प्रदान करती है।

प्रतियोगिता में मेरठ जोन की टीम की सफलता पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई और टीम को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं प्रेरणास्पद शब्दों से प्रोत्साहित किया गया। इस सफलता के पीछे मेरठ जोन मेरठ फॉरेंसिक यूनिट के वरिष्ठ सदस्य अवनीश कुमार, जो वर्ष 2015 से मेरठ जनपद में कार्यरत हैं और फॉरेंसिक विज्ञान के विशेषकर बैलेस्टिक क्षेत्र में उन्हें विशिष्ट अनुभव प्राप्त है। इन्होंने अब तक 50 से अधिक गोलीकांड, शस्त्र परीक्षण, क्रॉस फायर, एवं मुठभेड़ मामलों में निर्णायक बैलेस्टिक विश्लेषण प्रस्तुत किए हैं, जिससे अपराधियों के खिलाफ वैज्ञानिक व विधिक दृष्टि से सशक्त साक्ष्य न्यायालयों में प्रस्तुत हो सके। इनका यह अनुभव घटनास्थल पर ही कारतूस, खोखा, गोली के कोण, फायरिंग डायरेक्शन और हथियार की उपस्थिति को देखकर इन्होंने कई मामलों में तत्काल मौके पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक राय देकर विवेचकों को दिशा प्रदान की है। अवनीश कुमार ने अजय श्रीवास्तव (उप निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अलीगढ़), अरविंद यादव, एवं हरेंद्र सिंह (वैज्ञानिक अधिकारी) जैसे वरिष्ठ वैज्ञानिकों से प्रायोगिक प्रशिक्षण एवं केसवर्क अनुभव अर्जित किया है। उक्त प्रतियोगिता में मेरठ जोन टीम का नेतृत्व अपराध शाखा में नियुक्त निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा किया गया। मेरठ जोन ने इस प्रतियोगिता में लगातार चौथी बार ओवरऑल विजय हासिल की है जिसकी उच्च अधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई।

# रामनगर बैराज से 8327 क्यूसेक पानी कोसी नदी में छोड़ा

**पुलिस ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उत्तराखंड के रामनगर बैराज से कोसी नदी में पानी छोड़े जाने को लेकर कोसी नदी किनारे बसे ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत की गई है और नदी के आसपास ना जाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को उत्तराखंड के रामनगर बैराज से स्थानीय कोसी नदी में 8327 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है और स्वा तहसील प्रशासन के अधिकारियों को अलर्ट किया गया है। अचानक पानी छोड़ जाने से कोसी नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों में हलचल पैदा हो गई है



वहीं चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने पट्टी कला के गांव घोसीपुरा मुकंदपुर करीमपुर चौहद्दा समेत आसपास के गांव पहुंचकर महिलाओं और बच्चों को कोसी नदी से दूर रहने की हिदायत की गई है और कोसी नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों को पानी छोड़े जाने की मुनादी कर दी गई है। मवेशियों और उनके चारा लेने के लिए कोसी पार न जाने की सलाह दी गई है सीतारामपुर फतेहगंज और अलीगंज के ग्रामीणों को भी पानी छोड़े जाने को लेकर जागरूक किया गया है।

# भाजपा नेताओं से सरकारी रास्तों को कब्जा मुक्त कराने को डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने गांधीवादी रवैया अपनाते हुए भारतीय परिधान धोती कुर्ता और टोपी लगाकर नंगे पैर चलकर तहसील मिलक में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता कर जिलाधिकारी को दो पत्र देकर अवगत कराया है।

उन्होंने अवगत कराते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद मिलक के खसरा संख्या 776 एवं 781 पर दो भाजपा नेताओं ने अवैध रूप से कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिया गया है लेकिन अधिशाषी अधिकारी द्वारा झूठ बोला जा रहा है कि रास्ता के सम्बन्ध में प्रकरण मा. सिविल न्यायालय रामपुर में विचाराधीन है जो कि पूरी तरह से गलत है।

जनहित में दोनों रास्तों को भाजपा नेताओं से कब्जा मुक्त कराने हेतु आग्रह किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत भैंसोड़ी में खसरा संख्या 211 एवं 808 जो तालाब के रूप में दर्ज हैं इनपर कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है लेकिन हल्का लेखपाल द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की



जा रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश शंखधार ने कहा कि आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का रवैया सकारात्मक है अब हमें न्याय की उम्मीद है।

इस मौके पर सर्वराज यादव, पुष्पेन्द्र गंगवार, प्रवीण गौड़, विशाल दुबे, दीनदयाल, प्रताप सिंह, कल्लू राम, राजेन्द्र, भगवान दास, नत्थूलाल, विजयपाल, बॉबी यादव, राजेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में किया गया पौधारोपण

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए किया गया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में दौराला रोड स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में अतिथियों और कॉलेज स्टाफ द्वारा पौधे लगाए गए और छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मोहन सैनी ने इस अवसर पर कॉलेज की 9 गरीब छात्राओं की पूरी पढ़ाई का खर्च उठाने का ऐलान किया।

इसके अलावा कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. खुशनसीब ने भी तीन छात्राओं की शिक्षा का पूरा खर्च





उठाने की जिम्मेदारी ली। इस पहल की सभी ने जमकर प्रशंसा की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक लावड़ शाखा की मैनेजर वंदना, सब इंस्पेक्टर ललिता यादव, कांस्टेबल नेहा, पूर्व चेयरपर्सन उम्मीदवार अर्चना सैनी, सभासद यादराम जाटव, मोहन सैनी, प्रधानाचार्या सुनीता भारती, अध्यापिका रीना गुप्ता, बीना कंसल, ममता कश्यप, कौशल रानी, अंकिता शर्मा, रेनू भारद्वाज, प्राची, रंजन, ललिता, अंशु गुप्ता, अरुणा गुप्ता, नेहा, कुमकुम, सोनिया आदि समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रबंध निदेशक ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को ट्रिपिंग रहित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने शनिवार को यहां स्काडा प्रशिक्षण केन्द्र, कवि नगर, गाजियाबाद में व्यापार मण्डल एवं उद्योग बंधुओं एवं रेजिडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रबंध निदेशक ने उद्यमियों एवं व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों की विद्युत संबंधी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये। प्रबंध निदेशक ने कहा कि व्यापारियों एवं जुद्योमियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एसडीओ स्तर पर वाहट्सएप्प ग्रुप बनाये जाये जिससे कि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र निवारण सुनिश्चित हो सके।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डिस्कॉम प्रतिबद्धता के



साथ कार्य कर रहा है। व्यापारियों एवं उद्यमियों को सुचारू रूप से ट्रिपिंग रहित निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। व्यापारियों एवं उद्यमियों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण एवं ट्रिपिंग रहित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। व्यापारियों की विद्युत संबंधी समस्याओं का समयबद्ध निवारण सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में प्रबंध निदेशक ने कहा व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को नियमित रूप से मुख्य अभियन्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिससे उद्यमियों की विद्युत संबंधी समस्याओं का उचित तरीके से निष्पादन हो सके। गाजियाबाद व्यापार मण्डल एवं उद्योग बंधुओं के प्रतिनिधियों ने प्रबंध निदेशक का तुलसी का पौधा देकर सम्मान किया और व्यापारियों की विद्युत संबंधी समस्याओं पर ध्यान देने और उनको सुनने के लिए प्रबन्ध निदेशक का आभार व्यक्त किया। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि औधोगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए उद्यमियों एवं व्यापारियों को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के लिए डिस्कॉम प्रतिबद्ध है। बैठक में एनके मिश्र, निदेशक (तक.), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), अशोक कुमार मुख्य अभियन्ता (वि.), गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम, गाजियाबाद, नरेश भारती मुख्य अभियन्ता (वि.), गाजियाबाद क्षेत्र-द्वितीय, गाजियाबाद एवं दीपक अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता (वि.), गाजियाबाद क्षेत्र-तृतीय, गाजियाबाद, राज ढींगरा, चौयरमेन, आईआईए मोदीनगर, बीएम कपूर, आईआईए, उपेन्द्र गोयल, चेयरमैन, एआईएमडी, राकेश अनेंजा, मुकेश गोयल, सत्य भूषण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# मीटर रीडरों के विरुद्ध डीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कोयला निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र स्व.तेजराम ने जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजकर उल्लेख किया है कि केलाशो पत्नी नामालूम मीटर नं. -3881525 बी.सी.डी. व रियासत मीटर नं.-3737380 रीडिंग पिछली 9682 मौके पर 2855 बी.सी.डी. निवासीगण ग्राम ढक्का हाजीनगर, तहसील सदर, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर का राजेन्द्र सिंह पुत्र चुन्नी लाल बिजली घर खौद, जिला रामपुर में लाईन मैन के पद पर कार्यरत है और इनके द्वारा मीटर की रीडिंग घटाई व बढ़ाई गयी है। नरेश पुत्र जानकी मीटर नं.-387178 पिछली रीडिंग 7513 बी.आर. 3970 कराया गया नौरंगपुर, जिला रामपुर व अलीम पुत्र अब्दुल करीम मीटर नं. -69013580 पिछली 3843 बी.आर. 3814 ग्राम हरेटा कराया गया व शाहिद पुत्र नामालूम मीटर नं. -387776 मौके पर रीडिंग 13742 बी.सी.डी. न्यू कनेक्शन दे दिया गया।

ग्राम नौरंगपुर, जिला रामपुर व चम्पिया पत्नी अशर्फी लाल मीटर नं. -359855 पिछली रीडिंग 4808 मौके पर रीडिंग 2365 बी.आर. नौरंगपुर, जिला रामपुर का कराया गया व धर्मवति पत्नी बालमुकन्द मीटर नं.-360672 पिछली रीडिंग 4893 मौके पर 1430 बी.आर. ग्राम नौरंगपुर थाना अजीमनगर, जिला रामपुर में सद्दाम पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बगरव्वा, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर मीटरों में गड़बड़ी करता है उक्त सद्दाम (फिटर ढक्का हाजीनगर) व राजेन्द्र सिंह (फिटर केशोनगली) खौद बिजली घर रामपुर लाईन मैन के पद पर कार्यरत हैं और काफी समय से खौद बिजली घर पर कार्य कर रहे हैं और खौद के क्षेत्र में सभी लोगों से अच्छी जान पहचान होने के कारण मीटरों में घटाना बढ़ाने के लिये घरेलू कनेक्शन के लोगों को पैसे कमाने के उद्देश्य से गलत कार्य करते है तथा उक्त लोगों के कनेक्शन धारकों को बाईपास बिजली चोरी कर चलाने की सलाह देते है और उक्त लोगों से अवैध वसूली करते है जोकि भारत सरकार को बहुत बड़ी क्षति हो रही है और बड़ी संख्या में भारत सरकार को भी पैसों की हानि हो रही है इसलिए उक्त सद्दाम व राजेन्द्र सिंह को तत्काल जांच कराकर पद से टर्मिनेट किया जाये और दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. किये जाने के आदेश किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने उक्त सद्दाम व राजेन्द्र सिंह को तत्काल जांच कराकर पद से टर्मिनेट किया जाये और उक्त दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. किये जाने का आदेश पारित करने की मांग की है।

# ड्रॉन की सूचना देने वाले व्यक्ति को ही पुलिस ने किया अन्दर

## ग्रामीणों में चौकी इंचार्ज पर लगाया मदद न करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप, एसपी से की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति को संदिग्ध ड्रोन की सूचना देना भारी पड़ गया। सुनहेड़ा गांव के संजीव पुत्र इंद्रपाल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे गांव के आसपास ड्रोन जैसी कोई संदिग्ध वस्तु उड़ती दिखाई दी।

कई ग्रामीणों ने इस वस्तु को देखा और चिंता व्यक्त की। कई लोगों ने संजीव को फोन कर इसकी जानकारी दी। संजीव ने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उड़ती हुई वस्तु का वीडियो बनाया। उस समय वहां ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई थी। संजीव ने बताया कि रात लगभग 12 बजे बड़ा गांव चौकी इंचार्ज का फोन आया। उन्होंने संजीव से कहा कि वे मौके पर आ रहे हैं और संजीव उनसे वहीं मिले। चौकी इंचार्ज अपनी निजी गाड़ी में अकेले आए।

उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर का कॉल आया है और संजीव को उनके साथ थाने चलकर घटना की जानकारी देनी होगी। संजीव ने बताया कि रास्ते में उसे लगा कि चौकी इंचार्ज शराब के नशे में हैं। थाने पहुंचने पर संजीव के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बिना किसी उचित कारण के उसे अपराधी की तरह व्यवहार करते हुए हवालात में बंद कर दिया गया। संजीव ने बताया कि उसने केवल एक सजग नागरिक के रूप में संदिग्ध घटना की सूचना दी थी। पीड़ित संजीव के अनुसार थाने में उसे प्रताड़ित किया गया। इस कार्रवाई से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि अगर चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई नहीं होती है तो वे उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे। इस मौके पर विना.द, बिजेंदर, सुमित, राजकुमार प्रधान, सचिन, रविंद्र कुमार, बब्लू, ओमबीर सिंह, संजय सिंह, जसवीर, राकेश कुमार, विरेन्द्र सिंह, सूरज चौधरी, कालूराम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाए जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शोएब के साथी और परिवार के लोग उसे व्हाट्सएप कॉल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से परेशान कर रहे हैं।

घटना 3 जुलाई की है जब शोएब नामक युवक पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले गया था। उस समय नाबालिग लड़की गाजियाबाद में अपने रिश्तेदार के यहां रह रही थी। परिजनों ने गाजियाबाद में ही अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 9 जुलाई को नाबालिग और आरा.पी शोएब को बरामद किया। 10 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। अब पीड़िता खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में अपने घर पर रह रही है। पीड़िता का कहना है कि शोएब के साथी और परिवार के लोग उस पर धर्म परिवर्तन करने और शोएब से शादी करने का दबाव बना रहे हैं। इससे वह और उसका परिवार परेशान है। इस मामले में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी खेकड़ा कोतवाली पहुंचे और कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन के लोगों का आरोप है कि लगातार नाबालिग को धर्म परिवर्तन के लिए निशाना बनाया जा रहा है और ऐसे आरोपियों पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अधिकारी इस समय पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## पड़ोसी द्वारा महिला व उसके बच्चों को प्रताड़ित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके पड़ोसी उसे और उसके बच्चों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है।

इस दौरान वह अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। इसका फायदा उठाकर पड़ोसी उसे परेशान करते हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोसी उस पर गलत नजर रखते हैं। साथ ही उसके बच्चों को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। उसने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने यह भी बताया कि जो लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं, वे अपराधी किस्म के हैं। वे कई बार उसे धमकियां भी दे चुके हैं।

महिला का यह भी आरोप है कि पड़ोसी उनसे रंजिश रखते हैं। इसी वजह से उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। अपनी जान और माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मदद की गुहार लगाई है। अधिकारियों ने पूरे मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने शनिवार को तहसील खेकड़ा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई कर आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।



तीनो तहसीलों में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी शिकायत को औपचारिकता के रूप में न लें, बल्कि समस्याओं की तह तक जाकर समाधान किया जाए। उन्होंने राजस्व, बिजली, जल आपूर्ति, पुलिस एवं ग्राम पंचायत से संबंधित प्रकरणों की गहराई से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खेकड़ा के उपजिला.धिकारी, तहसीलदार, नायब तहस.ीलदार, राजस्व निरीक्षक, बिजली विभाग,पशुपालन, समाज कल्याण, बाल विकास व अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिकायतें भूमि विवाद, राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, पेंशन, एवं पशु चिकित्सा से जुड़ी रहीं।

## एक नजर

### मोबाइल टावर हटाने की मांग को लेकर बडौत तहसील पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को नगर के सर्कुलर रोड पट्टी चौधरान से मोबाइल टावर हटाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कॉलोनी के लोगों ने बिना परमिशन बिना अनुमति के लगाई जा रहे टावर को हटवाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों ने कहा कि बिना एनओसी के टावर लगाया जा रहा है जो गैरकानूनी है। किसी भी कीमत पर यहां टावर नहीं लगने दिया जाएगा। इस मौके पर अनीश कुरैशी राजीव चौधरी इकराम चौधरी राशि चौधरीगौजी सादिक इमरान तालीम दानिश कामील मेहताब चौधरी विनोद चौधरी वसीम चौधरी आदिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

### स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल आर्चरी के लिए किया क्वालिफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एल्पाइन पब्लिक स्कूल प्रबंधन, मुख्य रूप से विद्यालय प्रभारी पंकज मैम एवं प्रबंधक मनोज सर, अत्यंत गर्व और प्रसन्नता के साथ यह घोषणा करते हैं कि कक्षा 8 के छात्र अग्रीम चौहान' ने CBSE NORTH ZONE&1 CHAMPIONSHIP 2025-26, 28 जुलाई से 31 जुलाई 2025 में आर्चरी स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। साथ ही, अग्रीम ने राष्ट्रीय आर्चरी प्रतियोगिता के लिए भी सफलता पूर्वक क्वालिफाई किया है। विद्यालय की ओर से पंकज मैम और मनोज सर ने व्यक्तिगत रूप से अग्रीम चौहान की कड़ी मेहनत, समर्पण व अनुशासन की सराहना की है, और इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उनका कहना है कि अग्रीम की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी, और ऐसे क्षण विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण हैं। एल्पाइन पब्लिक स्कूल की पूरी टीम, शिक्षकगण एवं छात्रगण की तरफ से अग्रीम चौहान को इस अद्वितीय उपलब्धि पर ढेरों बधाईयाँ एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत में 14 मध्यस्थों के चयन की प्रक्रिया शुरू

**टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत द्वारा मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में मध्यस्थों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में अपर जिला जज एवं प्राधिकरण सचिव शबिस्ता आकिल ने बताया कि कुल 14 मध्यस्थों का चयन किया जाएगा, जिनका कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों का होगा। नियुक्ति प्रक्रिया उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली, 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत की जाएगी। पात्रता में वे अधिवक्ता शामिल हैं जिनके पास 10 वर्ष का विधिक अनुभव हो, सेवानिवृत्त जिला/अपर जिला जज तथा ऐसे विशेषज्ञ जिन्हें संबंधित क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव हो और जो विधिक क्षेत्र में सुपरिचित हों। दिवालिया घोषित व्यक्ति, आपराधिक आरोप-पत्र वाले, नैतिक अधमता से दोषसिद्ध तथा अनुशासनिक कार्यवाही की स्थिति में व्यक्ति अयोग्य माने जाएंगे। आवेदन निर्धारित प्रारूप में 7 अगस्त 2025, सांय 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत में जमा किए जाने हैं।

### स्मार्ट मीटर से बदलेगी बिजली व्यवस्था की तस्वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं में इजाफा करते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बागपत जनपद सहित पूरे प्रदेश में स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस संबंध में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर योजना उपभोक्ताओं के लिए कई वर्षों से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान है। इससे उपभोक्ता को हर माह मीटर रीडिंग के झंझट, गलत बिल, बकाया राशि के बोझ, लेट फीस और किरायेदार-मकान मालिक के बीच बिल विवाद जैसी परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली उपभोक्ता को अपने बिजली खर्च पर स्वयं नियंत्रण रखने की सुविधा देगी और डिजिटल रूप से मजबूत बनाएगी। स्मार्ट मीटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह प्री-पेड सिस्टम पर आधारित है, यानी जितनी बिजली खर्च करेंगे, उतना ही भुगतान करना होगा। इससे भारी-भरकम बिल की संभावना समाप्त हो जाएगी और उपभोक्ता अपने मासिक बजट अनुसार बिजली खपत को नियंत्रित कर सकेगा। इस प्रणाली में रिचार्ज की सुविधा भी मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे उपलब्ध होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी विशेष लाभ मिलेगा। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली दरों पर 2 प्रतिशत की छूट देगा।

## चकबंदी की समस्यां को लेकर कैंसर पीड़ित महिला ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में बामनौली के किसानों ने चौथे दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रखा है। शनिवार को धरना स्थल पर एसडीएम भावना सिंह ने किसानों से वार्तालाप करते हुए समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

बामनौली गांव में चकबंदी का मामला लंबे समय से सुलझा नहीं पा रहा है। लगातार धरना स्थल पर शनिवार को कैंसर से पीड़ित मंजू देवी भी धरना स्थल पर पहुंच गई धरने पर लेट गई जिससे अधिका.रियों में हड़कंप मच गया। बामनौली के किसान तहसील परिसर में धरने प्रदर्शन करते आ रहे हैं। मगर आज तक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। गांव के ही एक किसान परिवार ने अधिकारियों पर अपने खेत का नदी में काटने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में परिवार सहित धरना दिया। यह परिवार धरना स्थल पर ही रहना खाना पीना साथ लेकर बैठा है। वहीं भोजन बनाकर खा रहा है। धरना स्थल पर बामनौली निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि खेत को चकबंदी अधिकारियों ने कृष्णा नदी के पास हनुमान मंदिर के पीछे लगा दिया है। वाह कृष्णा नदी की जमीन है उसमें पानी चल रहा है। ऊपर खबर इस जमीन पर फसल नहीं उगाई जा सकती। इस समस्या को लेकर पहले भी अधिकारियों से मिला गया था। आश्वासन के अलावा कोई समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। उन्होंने चकबंदी अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उन्हें अपर चकबंदी संचालक के निर्देश के अनुसार उनकी जमीन का खेत दिया जाए। इस मौके पर कैंसर से पीड़ित मंजू देवी, राजीव चौधरी उधम सिंह पुष्पा देवी सनी चौधरी तुषार चौधरी आदि धरना स्थल पर मौजूद है।



## बैठक में समाज में फैली बुराईयों को खत्म करने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बडौत।** नगर की शाहमल कॉलोनी स्थित शनिवार को राष्ट्रीय सैनी सभा रजि.के पदाधिकारियों की एक बैठक बड़ौत में सुन्दर पाल सैनी के शाहमल एन्क्लेव स्थित आवास पर हुई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बैठक को संबोधित करते हुए जिला महासचिव बागपत सुंदर पाल सैनी ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर समाज को एक सूत्र में बांधकर कार्य करना है। समाज में फैली कुर्तियां को जड़ से मिटाना है। गांव गांव जाकर समाज के लोगों को जागरूक करना हमारा मुख्य उद्देश्य है जब तक समाज एकजुट होकर कार्य नहीं करेगा तब तक समाज का भला नहीं हो सकता। देश में समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। हम सब लोगों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। अपने साथ युवा वर्ग को जोड़कर चलना है। मीटिंग में सैनी समाज प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पौधारोपण किया गया। बैठक में अध्यक्ष नरेश कुमार सैनी, महासचिव जयभगवान सैनी उत्तर प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सैनी जनपद गाजियाबाद के अध्यक्ष सचिन कुमार सैनी जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सैनी जनपद बागपत महासचिव सुन्दर पाल सैनी व सर्व महावीर सैनी, कर्म सिंह सैनी, जनेश्वर सैनी, जयकुमार सैनी उपस्थित रहे।

## छपरौली विकासखंड कार्यालय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को उपनिदेशक पंचायत , मेरठ मण्डल, मेरठ के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (PAI) संस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड छपरौली में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक विकास अधिक.ारी पंचायत, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अध्यापक व शिक्षामित्र एवं पंचायत सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 व 2.0 पर सभी प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर प्रवीण कुमार व रेणु गौतम द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ फैकल्टी मेरठ चरन जीत व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकासखंड छपरौली अमित वर्मा उपस्थित थे।



## ट्रैक्टरों से बेट्री और पेट्रोल पम्प के समीप से सलेन्डर पंखा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर लहचौड़ा मोड़ के समीप पेट्रोल पम्प के पास तीन ट्रेक्टर से अज्ञात चोर बेट्री चोरी कर ले गये। इसके अलावा समीप में ही बने क्वाटर मे रखा सिलेन्डर और पंखा चोरी कर ले गये। वही ईट भटटे के पास भी बिजली तार चोरी का प्रयास किया शोर मचाने पर चोर फरार हो गये।

खैला निवासी दीपक पुत्र जग्गी ने बताया कि लहचौड़ा मोड़ के समीप पेट्रोल पम्प के पास टायल बनाने वाले कारखाने पर उसके दो ट्रेक्टर खड़े थे जिससे अज्ञात चोर दोनो ट्रेक्टर की बेट्री चोरी कर ले गये। इसके अलावा पास ही खड़े आजाद के ट्रेक्टर से भी चोर बेट्री चोरी कर ले गये। इसके बाद चोरो ने पेट्रोल पम्प के समीप बने क्वाटर में रखा एक सिलेंडर और पंखा चोरी कर ले गये। इसके बाद चोरो ने बड़ा गांव मोड़ के पास ईट भट्टे के पास रखे बिजली के तार चोरी कर लिये ईट भट्टे पर काम करने वाले सचिन ने शोर मचाया तो चोर तार छोड़कर फरार हो गये सचिन ने बताया कि रटौल बिजली घर के लाईनमैन बिजली के तार यहा रख कर गये थे। ईट भटटे पर काम करने वाले मुनीम ने 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। वही रटौल गांव में भी अमजद पुत्र एजाज अली के घर की अलमारी में रखे 12 हजार रूपये चोर चोरी कर ले गये। क्षेत्र मे लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है जिससे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।



## अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को तहसील में पहुंचकर नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद दस्तावेज लेखक राक.ेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के लोगों ने दिया ज्ञापन। ज्ञापन में देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। इस पर कानून लागू होना चाहिए बढ़ती जनसंख्या से देश में दिन प्रतिदिन अपराधों की वृद्धि हो रही है। इससे शासन प्रशासन आम नागरिक भी समस्या का समाधान समय से नहीं कर पा रहा है। बढ़ती जनसंख्या से दिन प्रतिदिन बेरोजगारी होती जा रही है। उन्होंने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा। ज्ञापन देने वालों में रामपाल सिंह देवेंद्र पांचाल सत्येंद्र कुमार मुकेश जांगिड़ सोमनाथ शर्मा जयपाल सिंह राजेंद्र कुमार रमेश पंचल बाबूराम पांचाल रामकुमार पांचाल आदि लोग मौजूद रहे।

## समान शिक्षा कानून और सीधे चुनाव से होगा भ्रष्टाचार पर नियंत्रण:रामपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल सिंह शनिवार को बड़ौत पहुंचे। स्थानीय बार हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने पार्टी की प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की।

रामपाल सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी समान शिक्षा कानून को लागू करवाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में सभी वर्गों को एक जैसी और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले, इसके लिए सुभासपा लगातार आवाज़ उठा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि इनका चुनाव सीधे जनता के वोट से होना चाहिए। उनका कहना था कि यदि यह चुनाव सीधे जनता द्वारा किए जाएं, तो इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और चुनावी खर्च भी कम होगा। रामपाल सिंह ने बड़ौत और बिनौली ब्लॉक के आकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ये दोनों ब्लॉक काफी बड़े हैं और यदि जनप्रतिनिधि प्रस्ताव भेजते हैं, तो इन्हें चार भागों में विभाजित किया जा सकता है ताकि प्रशासनिक कामकाज और विकास कार्यों में गति आ सके इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हेमंत कुमार, पूर्व अध्यक्ष वेदपाल पवार एडवोकेट, चौ.हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष सत्यपाल पवार, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।




**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राजीव से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

चरणसिंह पुत्र स्व.टीकाराम निवासी ग्राम कर्मअलीपुर गढी पोस्ट ग्वालीखेडी थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

**PUBLICE NOTICE**

That in the school records of my son, my name has been incorrectly mention as "IRSHAD AHMED and my son's mother name also has been incorrectly mention as "AYESHA AHMEDThat the my correct name should be IRSHAD AHMAD and my son's mother correct name should be "AYESHA AHMAD"Irshad Ahmad son of Sh. Yusuph, resident of Coat Road, Baghpat tehsil & Distt. Baghpat.

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनोज व पुत्रवधू ज्योति से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सावित्री पत्नि स्व.रामपाल निवासी पट्टी अहीरान कुम्हारो वाली गली कस्बा व थाना खेकडा जनपद बागपत।

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम अभिषेक पांडेय व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। जहां आए हुए फरियादियों की दोनों अधिकारियों ने समस्याओं को सुना और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 24 शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा समाधान कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें और उनका समय से निस्तारण करें। इस अवसर पर एसडीएम सदर इला प्रकाश, सीएमओ डा. सुनील कुमार त्यागी,



सीओ जितेंद्र शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लाख दावों के बावजूद भी डग्गामार वाहनों का नहीं रुक रहा संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर रोडवेज के रंग में फर्राटा भर रही डग्गामार बसों पर कार्रवाई के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठ पा रहे है। यहीं कारण है कि हाईवे पर इस प्रकार की बस में यात्रियों से रोडवेज का किराया वसूलकर विभाग को भी चूना लगा रही हैं।



क्षेत्र में भारी संख्या में डग्गामार बसों का संचालन होता है। इनमें सबसे अधिक बसें हापुड़ दिल्ली मार्ग पर दौड़ती हैं। क्योंकि इस मार्ग पर सबसे ज्यादा यात्री सफर करते हैं। इसी का फायदा उठाकर गढ़ से दिल्ली बार्डर के बीच दर्जनों की संख्या में डग्गामार वाहनर्राटा भरते हैं। आश्चर्य की बात यह है की ये डग्गामार बसें रोडवेज की तरह दिखती हैं। इन्हें रोडवेज के रंग में रंग दिया गया है। जिससे यात्री गुमराह होकर इन बसों में सफर कर रहे हैं। लेकिन सुरक्षा और सुविधा के नाम पर उन्हें ठगा जा रहा है। इस संबंध में परिवहन निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायतें हो चुकी है। लेकिन चुनिंदा बसों पर कार्रवाई कर अधिकारी अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। रोडवेज के रंग रूप में दौड़ रही डग्गामार बसों से ना सिर्फ रोडवेज को नुकसान हो रहा है। शासन को भी प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है। बसों को इनके चालक सड़कों पर बेतरतीब तरीके से दौड़ाते हैं, जल्द गंतव्य तक पहुंचने की होड़ में कई बार वह अन्य वाहनों को टक्कर तक मार देते हैं लेकिन परिवहन निगम के अधिकारियों को इसकी तनिक भी चिंता नहीं है। इस संबंध में आरटीओ ने बताया की ऐसे डग्गामार वाहनों पर समय-समय पर विभाग द्वारा करवाई होती रहती है। लेकिन अगर अब ऐसा है तो ऐसे डग्गा मार वाहनों पर जल्द ही अभियान चला कर कार्रवाई की जाएगी।

# उपनिरीक्षकों की विदाई पर विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित जदीद चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक बृजराज का स्थानांतरण हापुड़ जनपद से सहारनपुर जनपद में कर दिया गया है, वहीं उपनिरीक्षक दिनेश यादव का तबादला मेरठ जनपद में हुआ है। दोनों ही उपनिरीक्षकों की सेवाओं को यादगार बनाते हुए चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार द्वारा चौकी परिसर में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान पुलिस स्टाफ व स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने उपनिरीक्षक बृजराज व दिनेश यादव को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भावपूर्ण विदाई दी। चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि



दोनों उपनिरीक्षकों ने चौकी पर रहते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनहित के कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है, जो सदैव स्मरणीय रहेगा। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित कर्मचारियों की आंखें नम हो गईं, वहीं दोनों उपनिरीक्षकों ने भी अपने कार्यकाल की यादों को साझा करते हुए चौकी स्टाफ व जनपद पुलिस का आभार व्यक्त किया। यह विदाई समारोह जहां एक ओर सौहार्दपूर्ण वातावरण का परिचायक रहा, वहीं दूसरी ओर यह उदाहरण भी पेश करता है कि कैसे विभागीय संबंधों में मानवीय भावनाएं भी महत्वपूर्ण होती हैं। इस अवसर पर एसआई रोहित, एस आई गौरव, हेड कांस्टेबल मुबारक अली, हेड कांस्टेबल हरिओम, हेड कांस्टेबल विजय कांत, हेड कांस्टेबल नोनीहाल, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह व स्थानीय निवासी उमेश अग्रवाल बादशाह आदि लोग उपस्थित रहे।

# कुकर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने नाबालिग साले के साथ कुकर्म करने व मारपीट करने के बाद नाबालिग की मौत होने के मामले में फरार नामजद आरोपी मौलाना को गिरफ्तार किया है।



थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि नाबालिक के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी मौलाना के खिलाफ नाबालिग के साथ कुकर्म करने व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुड़ गई थी। शनिवार को पुलिस ने अपने नाबालिग साले से कुकर्म करने और मारपीट करने के बाद नाबालिग की मौत होने के मामले में फरार नामजद आरोपी मौलाना शहजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम गौसपुर थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत, वर्तमान पता इमाम नूर मस्जिद ग्राम उबारपुर थाना हाफिजपुर को गांव उबारपुर से ग्राम अकडौली वाले रास्ते पर पड़ने वाले चौराहे से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक 65 वर्षीय व्यक्ति की रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर शनिवार सुबह हुई। मृतक की पहचान मोहल्ला लुहारान निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है। हादसे के समय सुरेंद्र रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहे थे।

रेलवे फाटक के पास, उनका पैर पटरी की कैंची में फंस गया। जिसके कारण वह खुद को नहीं बचा पाए। इसी दौरान गाजियाबाद से हापुड़ की ओर आ रही अवध असम एक्सप्रेस की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान की गई और उनके परिजनों को सूचित किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दुखद घटना ने स्थानीय लोगों में रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि रेलवे फाटक और पटरी के पास सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाती है, जिससे इस तरह के हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रेलवे ट्रैक के आसपास निगरानी बढ़ाई जाए। साथ ही रेलवे फाटक पर बैरियर और चेतावनी संदेशों को और प्रभावी बनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### पशु को भगाने का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पूठ निवासी टुनटुन ने बताया कि उसके गांव निवासी राकेश का बैल उनके घर पर आ गया। उसने उसको भगा दिया। इसी दौरान आरोपी राकेश, बंटी, मोनू, शेर सिंह उसके घर में घुस गए और वहां आकर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पति पर लगाया हत्या के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला राजीव नगर निवासी गीता ने बताया कि उसका पति बाहर नौकरी करता है। घर पर जब भी आता है तो शराब पीकर उसके और उसके बच्चों के साथ पिटाई करता है। पीड़िता ने बताया कि अब दो दिन पूर्व पति घर आया और आते ही गाली गलौज की। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### मिल कर्मचारी पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गाजियाबाद के गांव भिक्कनपुर निवासी शिवदत्त शर्मा ने बताया कि उनके गांव में चीनी मिल का गन्ना कांटा लगा हुआ था। वहां पर तैनात तोला बाबू ने उनसे करीब करीब तीन सो पांच क्विंटल गन्ने को अपने पास रखकर मिल बंद होने के दौरान भेजने की बात कहीं। पीड़ित ने उनकी बात में आकर अपने गन्ने को दे दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसके गन्ने की रकम को लेकरफरार हो गया है। अब आरोपी उसके फोन को नहीं उठा रहा है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खुड़लिया के निकट नये हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है।

### अंतर्राज्य बस स्टेशन न बनने से गंगा भक्त हो रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद भी कई साल बीत चुके हैं मगर अभी तक गंगानगरी के पास अंतर्राज्य बस स्टेशन का सपना परवान नहीं चढ़ पाया है, जिससे विभिन्न प्रांतों से धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में खूब दिक्कत झेलने के साथ ही भूमाफिया भी परिवहन निगम की बेशकीमती भूमि पर अपनी कुदृष्टि गढ़ाए हुए हैं।

प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थल हरिद्वार को सन 2001 में उत्तराखंड राज्य में सम्मिलित कर दिया गया था। जिसके बाद से ही मुक्ति धाम के रूप में विख्यात सदियों से उपेक्षित गढ़ ब्रजघाट गंगानगरी को इसी तर्ज पर विकसित कराए जाने की कवायद लगातार होती आ रही है। इस गंगानगरी को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित कराने का बीड़ा तत्कालीन राजनाथ सिंह सरकार ने उठाया था एआरएम हेमंत मिश्रा का कहना है कि ब्रजघाट के पास हाईवे किनारे स्थित परिवहन निगम की 84 बीघा भूमि में भव्य एवं आधुनिक सुविधाओं वाला बस स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसको लेकर शासन स्तर से औपचारिकता पूरी कराई जा रही हैं।

# बंद मकान में चार दिन पुराना शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार मोहल्ले में एक बंद मकान से 60 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुन्ना खान के रूप में हुई है, जिसकी मौत संभवत तीन-चार दिन पहले हुई थी।

शनिवार को जब पड़ोसियों को मकान से तेज दुर्गंध महसूस हुई, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुँचकर बंद मकान का ताला तोड़ा। शव की स्थिति को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। दुर्गंध इतनी ज्यादा थी कि पुलिसकर्मियों और टीम के सदस्यों को मुंह पर कपड़ा बांधकर अंदर जाना पड़ा। पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को दी जाने वाली धनराशि का दिखाया गया प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में 20,500 करोड़ की सम्मान राशि के हस्तांतरण को जिले के किसानों को दिखाना



था। कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 11 बजे से शुरू हुआ और इसमें 200 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, किसान मोर्चा से अमित सिंघल, पुनीत कुमार व कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इन अतिथियों ने किसानों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और पीएम किसान सम्मान निधि से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. अरविंद कुमार प्रभारी अधिकारी, डा. आशीष त्यागी, डा. नीलम कुमारी और डा. पीके मडके का विशेष योगदान रहा।

# पलभर में किसान का खाता हो गया खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** खादर क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी किसान के खाते से साइबर ठगों ने पांच लाख से अधिक की धनराशि को उड़ा दिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गईद। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी प्रणम सिंह ने बताया कि उनका एक बैंक में खाता है। उससे वह निरंतर लेनदेन करते है। उन्होंने बताया कि उनके खाते में पांच लाख से अधिक धनराशि जमा थी। उन्होंने बताया कि उनको कुछ रुपये की आवश्यकता पड़ी तो वह बैंक में गए और रुपये निकालने के लिए फार्म भरा। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने खाते से रुपये न होने की बात कहीं। पीड़ित ने जानकारी की तो मालूम हुआ कि उसके खाते से आनलाइन साइबर ठगों ने पांच लाख पांच हजार चार सौ रुपये उड़ा दिए गए है। खाते से धनराशि उड़ाए जाने से वह परेशान हो गए। पीड़ित परिजन के साथ कोतवाली पहुंचे। वहां पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि लोगों से पुलिस द्वारा निंरतर अपील की जा रही है कि वह साइबर ठगी के शिकार होने से बचें।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जे एम एस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस, बी.एस.सी. बायोटेक्नोलॉजी एवं बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक प्रणाली, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और संस्थागत मूल्यों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ एन.आर.ई.सी. खुर्जा से सेवानिवृत्त असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर ए.बी. भटनागर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य-निर्धारण की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा, सपनों को सच करने से पहले उन्हें देखना जरूरी है। उनके विचारों ने छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। संस्थान के चेयरमैन राकेश सिंघल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा में नैतिकता और समय प्रबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्थान के महानिदेशक डा. सुभाष गौतम ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम को भारत के शिक्षाविदों की दूरदर्शिता का परिणाम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के निदेशक डक्ट



अनिरुद्ध बिस्वास ने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, निरंतर प्रयास और आत्म-नवीनता के महत्व को समझाया और प्रेरित किया कि वे प्रतिस्पर्धात्मक युग में खुद को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएं। इस अवसर पर संस्थान के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण, सहयोगी स्टाफ और नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों में आत्मबल, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति नयी चेतना जागृत की।

# वॉलीबॉल के तीसरे दिन भारत माता की जय के नारों से गूंजा जेएमएस वर्ल्ड स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सीबीएसई क्लस्टर XIX वॉलीबॉल बालक वर्ग के तीसरे दिन का सूर्योदय जेएमएस में देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ था। दिन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने समूह को देशभकित की माला में पिरोया और एक ऐसे सपने की चर्चा की जिसका हर खिलाड़ी हमेशा सपना देखता है कि एक दिन वह तिरंगे झंडे को हवा में सभी झंडों से ऊपर उठता हुआ और गर्व और श्रद्धा से लहराता हुआ देख सके। उनके शब्दों ने प्रतिभागियों में जोश भर दिया और उनकी प्रेरणा ने उनके उत्साह को बढ़ाया।

उन्होंने प्रतिभागियों को यह समझाया कि खेल न केवल शरीर को आकार देते हैं, बल्कि मस्तिष्क को भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने इस



बात पर ज़ोर दिया कि मेहनती खिलाड़ी बुद्धिमान और समझदार छात्र बनते हैं। बाद में भाजपा प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने अपने उत्साहवर्धक शब्दों से छात्रों को प्रेरित किया। सभी कार्यक्रम के पश्चात मैच शुरू हो गए और एक के बाद एक शानदार मैच होते देख सभी दंग रह गए। अंडर 19 वर्ग में डायनेस्टी एमजी अकादमी उत्तराखंड, राजेंद्र अकादमी मुरादाबाद, सेंट टेरेसा नैनीताल, रेने. सां स्कूल बुलंदशहर, एसजीएन हाई स्कूल उत्तराखंड, आर्मी पब्लिक स्कूल मेरठ, दयानंद विद्या मंदिर नोएडा, द आर्यन स्कूल मेरठ, नेहरू इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नोएडा, केडी पब्लिक स्कूल बुलंदशहर, जे एसएस पब्लिक स्कूल उत्तराखंड, विद्या वर्ल्ड स्कूल बरेली, कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ, मॉडर्न नेशनल पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, बाल बारी पब्लिक स्कूल मोदीनगर, आर्मी स्कूल देहरादून रायवाला, सेंट मैरी गजरौला ने सभी बाधाओं को पार करते हुए शानदार जीत हासिल की।

# महिला की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी जहीर अली की 22 वर्षीय बेटी शन्नो की शनिवार को उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। उसे सात माह पूर्व पति ने सिर में कांच का गिलास मारकर घायल कर दिया। महिला की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया था। परिजन ने अब एएसपी को शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। गांव निवासी जियाउलहक ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिन्होंने बताया उनकी बहन शन्नो का निकाह करीब तीन वर्ष पूर्व हापुड़ के गांव निवासी युवक से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति व ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। युवक ने बताया की करीब सात माह पूर्व उसकी बहन के पति ने विवाद होने के दौरान कांच के गिलास से उस पर हमला कर दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित ने बताया कि 26 जुलाई को उसकी बहन की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने मृतका के पति और ससुराल पक्ष के लोगों को नामजद कर कार्रवाई की मांग करते हुए एएसपी को शिकायत पत्र दिया हैं।

# हाइवे पर दूर तक नजर आए कांवड़ियों के जत्थे, शिवमयी हुआ वातावरण

**आस्था**

**कांवड़ जत्थों और झांकियों ने लोगों का मन मोहा**







**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये शनिवार को हाईवे पर दूर दूर तक कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दिए। कई स्थानों पर लगे सेवा शिविरों पर कांवड़ियों के लिये भोजन व विश्राम की व्यवस्था की गई। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस पूरी तरह से सतर्क रही।

शनिवार को अपनी- अपनी कांवड़ को सजाकर कांवडिये पैदल चलते रहे। कई महिलाएं और बच्चे भी कांवड़ ले जाती दिखीं। पूरा हाइवे भोले के रंग में नजर आया। कांवड़ जत्थों के साथ चल रहे डीजे से भगवान शिव के भजन गूंज रहे थे तो वहीं बम भोले की, हर हर महादेव के जयकारे भी वातावरण को गुंजित कर रहे थे। कांवड़िए केसरिया रंग के वस्त्र धारण करके पूरे मनोयोग से अपनी मंजिल की ओर बढ़ते नजर आए। डीजे पर बज रहे भजनों पर कांवड़ियों ने नृत्य भी किए। कई कांवड़ बेड़ों के साथ रासलीला के कलाकार भी आए और उन्होंने नृत्य व शिव पार्वती के नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत करके मन मोह लिया। नगर के स्वागत होटल पर कांवड़ियों की सेवा हेतु शिविर लगाया गया तो वहीं श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ द्वारा भी बसंत होटल के सामने सेवा शिविर लगाकर कांवड़ियों के भोजन व विश्राम की व्यवस्था की गई। शनिवार को कांवड़ियों की भीड़ के चलते पुलिस ने खासी सतर्कता बरती। कांवड़ मार्ग पर पुलिस पिकेट लगातार निगरानी करतीं रहीं तो वहीं सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी कांवड़ मार्ग का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### पुलिस ने ड्रोन कैमरे से भी की निगरानी

**गजरौला।** पुलिस कांवड़ियों की सुरक्षा में पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। हाइवे पर पुलिस की गाड़ियां पैट्रोलिंग कर रही हैं तो वहीं जगह जगह पिकैत तैनात हैं। इतना ही नहीं पुलिस कांवड़ मार्ग की निगरानी ड्रोन कैमरे के जरिये भी कर रही है।

## हाइवे पर रहा जीरो ट्रैफिक

**सुरक्षा**

**कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर पुलिस प्रशासन ने लिया निर्णय**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शनिवार को हाइवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर पुलिस प्रशासन ने हाइवे की दोनो लेनों को जीरो ट्रैफिक व्यवस्था लागू की और कारों को भी डायवर्जन करके निकाला गया।

बता दें कि पिछले तीन सोमवारों को कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत एक लेन पर कांवड़िए और दूसरी लेन पर छोटे वाहनों के संच. ालन की अनुमति दी गई थी, लेकिन सावन के अंतिम व चौथे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिये शनिवार को भारी संख्या में कांवड़ियों ने ब्रजघाट गंगा से जल भरा। बड़े बड़े कांवड़ जत्थे और बेड़े यहां से हाइवे से होकर निकले, इसलिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के द्रष्टिगत हाइवे की दोनों ही साइडों को कांवड़ियों के आवागमन के लिये रिजर्व कर दिया। केवल एंबुलैंसो और दोपहिया वाहनों को हाइवे से गुजरने दिया गया अन्यथा सभी छोटे बड़े वाहन बदले हुए मार्ग से निकाले गए। पुलिस के साथ साथ यातायात विभाग के जवान भी तैनात रहे।

### ट्रेनों में रही भीड़

**गजरौला।** कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत हाइवे पर वाहनों का संचालन न होने के कारण ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

---

# हसनपुर पालिका विस्तार का सपा ने किया विरोध

## नागरिकों कोमूलभूत सुविधाएं देने में पालिका नाकामः कमाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में हसनपुर में नगर पालिका परिषद के हो रहे सीमा विस्तार को गलत ठहराते हुए अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

शनिवार को कांठ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के नेतृत्व में सपाईयों ने अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पालिका द्वारा शहरियों को मिलने सुविधा नहीं मिल पा रही है। नगर के अंदर 25 वार्ड है जिनकी आबादी लगभग 1 लाख के करीब है। नागरिकों को मिलने वाली सुविधा सफाई व्यवस्था सड़क व्यवस्था पालिका द्वारा प्रदान नहीं की जा रही है। नगर पालिका हसनपुर के सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन के पास है। नगर की जनता को सुविधा नहीं मिल पा रही है तो इन गांवों के लोगों को कैसे सुविधा मिल पायेगी। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग में रखकर कर्मचारियों द्वारा सफाई की जा रही है। हसनपुर नगर में सफाई व्यवस्था नहीं हो पाती है। मगर में सड़कों की हालत खस्ता है 60% टूटी हुई है। प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह चौपट है।हसनपुर नगर पालिका परिषद द्वारा जो सीमा विस्तार प्रस्ताव भेजा है वह नियम विरुद्ध है। यह निरस्त करने योग्य है।

**कांठ विधायक के नेतृत्व में एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

उन्होंने कहा कि जिन गांवों को जोड़ा जा रहा है वह नगर पालिका परिषद से दूर है। नगर पालिका परिषद की सीमा विस्तार की आवश्यकता नहीं है। शासन की मंशा ठीक नहीं है। जो गांव नगर पालिका परिषद में शामिल किये जाते हैं। उनका अधिग्रहण किया जाता है तथा मुआवजा किसानों को दुगना दिया जाता है। इससे लगता है कि सरकार सीमा विस्तार से किसानों की जमीन चाहती है। पूर्व मंत्री ने सीमा विस्तार प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। पत्र पर आरिफ अख्तर, नगर प्रभारी यूसुफ कुरैशी, बदर कुरैशी, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष फैसल अली, वसीम मलिक, शराफत मलिक, इकबाल हमीद, राशिद कुरैशी, गुड्डू प्रधान मौजूद थे

# 14 किसानों के नलकूपों से स्टार्टर चोरी

## क्षेत्र के गांव बरखेड़ा सादात की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा सादात में शुक्रवार रात चोरों ने 14 किसानों के नलकूप से स्टार्टर व केबिल चोरी कर लिया। शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचे पीड़ित किसानों ने डीएम-एसपी को मांग पत्र सौंपकर रात्रि गश्त बढ़ाने व घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

शुक्रवार रात गांव में घुसे चोरों ने राजेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, चंद्रपाल सिंह, धर्म सिंह, विचित्रपाल सिंह, राज. ेश कुमार, मोहम्मद रफी, सुरेंद्र यादव, कन्हैया सिंह, नरेंद्र सिंह व राजेंद्र सिंह समेत 14 किसानों के नलकूप को अपना निशाना बनाया। केबिल व स्टार्टर के अलावा कोठरी में रखा अन्य सामान चोरी कर लिया। सभी किसानों को चोरी की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई जब वह चारा लेने के लिए अपने-अपने खेतों पर पहुंचे। वहीं, एक रात में 14 नलकूप से स्टार्टर व केबिल चोरी होने से गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद किसान एकत्र होकर नौगावां सादात तहसील में चल रहे तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने अफसरों से ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने व चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

# अमरोहा के पांच मोहल्लों में मचा चोर का शोर

## अफवाहों का बाजार गर्म, रातें जागकर काट रहे लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शुक्रवार रात पांच मोहल्लों में चोरों का शोर मचने से हड़कंप मचा रहा।अफरातफरी के बीच लाठी-डंडे लेकर घरों से निकले लोग चोरों के खौफ में रातभर जागते रहे। मोहल्लों में बंद घरों की तलाशी भी ली गई लेकिन चोर कहीं दिखाई नहीं दिए। अफवाहों के चलते पुलिस भी पूरी रात दौड़भाग करती रही।

शुक्रवार रात शहर के कई मोहल्लों में चोरों के घुसने का शोर मचने से हड़कंप मचा रहा। रात करीब 12 बजे मुख्य बाजार से सटे मोहल्ला घेर मुनाफ से मचना शुरू हुआ चोरों का शोर धीरे-धीरे मोहल्ला चकली, बेगम सराय, शफातपोता होते हुए कसाईखाने तक पहुंच गया। सोते हुए जागे घबराए लोग घरों से बाहर निकल आए, मोहल्लों में अफरातफरी का माहौल बन गया। युवाओं ने मोहल्लों में बंद पड़े घरों की तलाशी ली लेकिन चोर कहीं दिखाई नहीं दिए। इसके बाद बतौर एहतियात पहरा देने के लिहाज से सभी मोहल्लों में युवाओं की टोलियां बन गईं। सड़क से लेकर छतों तक लोग दिन निकलने तक पहरा देते रहे। वहीं, सूचनाओं को लेकर पुलिस भी हलकान नजर आई। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि इस बावत प्रभारी निरीक्षक व चौकी प्रभारियों को मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया है।

---

# मारपीट की तीन घटनाओं में नौ पर मुकदमा

## सिनौरा, पलौला व इकौंदा में घटी मारपीट की घटनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली कोतवाली पुलिस ने मारपीट की तीन घटनाओं में चार महिलाओं समेत नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटनाएं अलग-अलग गांव की हैं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मारपीट की पहली घटना गांव सिनौरा की है। यहां रहने वाले किसान तहसीन अहमद का आरोप है कि गांव निवासी बाबू का बेटा सानिब आए दिन बेटे अबुजर के साथ मारपीट करता है। काफी दिन से परेशान कर रहा है। शुक्रवार को भी सानिब ने अबुजर को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी सानिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बीती 31 जुलाई की दूसरी घटना गांव पलौला की है। यहां रहने वाला इमरान गांव में जाहिद हुसैन के ट्यूबवेल के पास खड़ा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश में गांव के रहने वाले उमर व जुनैद ने मारपीट की। इसके बाद इमरान अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि वहां पहुंची उमर की पत्नी निशात ने अपनी रिश्तेदार जौहरा के साथ मिलकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए चली गईं। घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। तहरीर व वीडियो फुटेज के आधार पर मामले में पुलिस ने दोनों महिलाओं समेत चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट की तीसरी घटना गांव इकौंदा की है। यहां रहने वाले अशोक कुमार की पत्नी उर्मिला शुक्रवार सुबह करीब छह बजे घर की सफाई कर रही थी। आरोप है कि बहन संजू, भाई सतीश, उसकी पत्नी पूनम व सोनिया ने घर पर चढ़ाई कर दी। उर्मिला को मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में आरा. ेपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते मसीह समाज के लोग।

# ननों को झूंठे केस में फंसाने की जांच हो

## मसीह समाज ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** धार्मिक ननों पर मानव तस्करी की घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

शनिवार को राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज रोबर्ट के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ से बस्तर जाते रेलवे स्टेशन पर दो ननों सिस्टम प्रीति मैरी व सिस्टर वंदना फ्रांसिसि के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने तथा उन पर धर्मान्तरण व मानव तस्करी का झूंठा मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजने की कड़े शब्दों में निंदा की। इस घटना से ईसाई समाज में रोष है। ईसाई समाज के धर्मगुरू अगर कहीं यात्रा करते हैं तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मनोज रोबर्ट, आशीष, राजेश पैट्रिक, शर्मेन्द्र सिंह, झम्मन, शेखर सिंह, संजीव कुमार आदि शामिल रहे।

---

# छात्रा को ब्लैकमेल के आरोपी को जेल भेजा

## बीते दिन छात्रा ने तंग आकर की थी आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर 26 वर्षीय छात्रा रुचि की आत्महत्या के मामले में मुख्य आरोपी अरुण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना थाना क्षेत्र के गांव देहरा मिलक की है। जहाँ 31 जुलाई की रात रुचि ने अपने हाथ पर सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली थी। रुचि के परिजनों के अनुसार, अरुण कुमार और उसके भाई ब्लैकमेल करके उसे लगातार परेशान कर रहे थे। जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। शुक्रवार की सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें रुचि का शव और उसके हाथ पर लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए गांव के ही रहने वाले अरुण कुमार और उसके भाई को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परि. जनों की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। देर रात पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दूसरे आरोपी भाई सुशील को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। और लोग दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### समाधान दिवस में 27 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के समक्ष 27 शिकायत दर्ज की गई। तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को ब्लॉक सभागर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव सीओ दीप कुमार पंत के समक्ष 27 शिकायतें आयी। जिनमें से तीन का मौके पर निस्तारण करते हुए अन्य शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों ने कहा की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# पलौला में दो भाईयों को सांप ने डसा

## गंभीर हालत में मुरादाबाद में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** चारपाई पर सो रहे दो भाईयों को सांप ने डस लिया। बेहोशी की हालत में दोनों को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पलौला का है। यहां रहने वाले किसान नासिर के परिवार में पत्नी नसरीन व तीन बेटे फैजान उर्फ फैजू, संजिल व वासिफ हैं। वासिफ अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। जबकि फैजान की जोया कस्बा में कास्मेटिक की दुकान है। संजिल कक्षा 9 का छात्र है। शुक्रवार रात फैजान व संजिल बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। लगभग 1 बजे सांप चारपाई पर आ गया तथा दोनों भाइयों को डस लिया। संजिल की चीख निकली तो पास में सो रही मां नसरीन जाग गई। टार्च की रोशनी में देखा तो सांप चारपाई पर बैठा था। जबकि दोनों भाई बेहोश पड़े थे। फैजान के पैर व संजिल के कंधे में डसने का निशान मिला है। स्वजन ने डंडे से सांप को चारपाई से नीचे फेंका तथा उसे मार दिया। फौरन ही दोनों भाइयों को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी स्थिति चिंतानजक है। दोनों बेहोशी की हालत में हैं।

# किसानों के लिए समर्पित है केन्द्र व प्रदेश सरकार: विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'किसान सम्मान निधि' की 20 वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला में 'किसान सम्मान उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन पर आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर किसानों को बीज किट भी बांटी गईं। इस मौके पर सीडीओ अश्विनी मिश्र, वैज्ञानिक डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ. अमित तोमर, डॉ.हादी हुसैन खान, डॉ.प्राची पटेल, डॉ.आरपी सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक सभागार में आयोजित 'किसान उत्सव कार्यक्रम' में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि, भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। किसान सम्मान निधि सहित भाजपा सरकार ने सभी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। इस दौरान किसानों को बीज की किट बांटी गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पायल सक्सेना, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल, अंग्रिश कुमार, विपिन कुमार, भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, एड. मनमोहन सिंह सैन, सुनील कुमार, संजीव कुमार, दुर्गेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं: मीनाक्षी**





# अंडर-17 कबड्डी में एसआरएस की टीम ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की अंडर-17 बालक कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश लिया। टूर्नामेंट जमदग्नि पब्लिक स्कूल लक्सर में आयोजित हो रहा है।

2 अगस्त से हो रहे कबड्डी टूर्नामेंट में एसआरएस की टीम ने नेहरू इंटरनेशनल स्कूल नोएडा और एमएस पब्लिक स्कूल आगरा को पराजित किया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। दोनों मैचों में मयंक और वर्णित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके बेहतरीन डिफेंस और आक्रमण ने विरोधी टीमों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। टीम ने अपने पहले दो मैचों में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। टीम को स्कूल स्पोर्ट्स कोच संदीप यादव द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जो लक्सर में भी टीम के साथ मौजूद हैं। वहीं स्कूल प्रबंधन की ओर से निदेशक पुनीत सिंह ने टीम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे खिलाड़ियों ने जिस लगन और समर्पण के साथ खेला है, उससे पूरी उम्मीद है कि हमारी टीम फाइनल मैच जीते। उन्होंने बताया कि कल होने वाले क्वार्टर फाइनल में टीम सहारनपुर से भिड़ेगी।

**आज सहारनपुर की टीम के साथ होगी टक्कर**

# डीएम और एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को किया निर्देशित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की फीडबैक रिपोर्ट की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से राजस्व, विद्युत, पूर्ति, सिंचाई आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान दिलाना है। इस हेतु अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए गए और कुछ मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु राजस्व टीमों का गठन कर स्थलीय जांच के लिए भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में मौजूद थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था संबंधी शिकायतों का निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया जाए। समाधान दिवस के दौरान विद्युत, श्रम एवं पूर्ति विभाग द्वारा जन सहायता के लिए स्टॉल भी लगाए गए, जहां आम नागरिकों को



विभागीय योजनाओं, शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई।

इसी प्रकार तहसील स्वार में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील टाण्डा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील शाहबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 01 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# रामनगर बैराज से 8327 क्यूसेक पानी कोसी नदी में छोड़ा

■ **पुलिस ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उत्तराखंड के रामनगर बैराज से कोसी नदी में पानी छोड़े जाने को लेकर कोसी नदी किनारे बसे ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत की गई है और नदी के आसपास ना जाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को उत्तराखंड के रामनगर बैराज से स्थानीय कोसी नदी में 8327 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है और स्वार तहसील प्रशासन के अधिकारियों को अलर्ट किया गया है। अचानक पानी छोड़ जाने से कोसी नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों में हलचल पैदा हो गई है वहीं चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने पट्टी कला के गांव



घोसीपुरा मुकंदपुर करीमपुर चौहद्दा समेत आसपास के गांव पहुंचकर महिलाओं और बच्चों को कोसी नदी से दूर रहने की हिदायत की गई है और कोसी नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों को पानी छोड़े जाने की मुनादी कर दी गई है। मवेशियों और उनके चारा लेने के लिए कोसी पार न जाने की सलाह दी गई है सीतारामपुर फतेहगंज और अलीगंज के ग्रामीणों को भी पानी छोड़े जाने को लेकर जागरूक किया गया है। गौरतलब है कि मसवासी क्षेत्र के लगभग 12 गांव कोसी नदी किनारे स्थित है जिससे इन गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और कोसी नदी किनारे स्थित खेतों की फसलें और पशुओं का चारा भी नष्ट हो जाता है।

# नाहल नदी की जमीन पर अवैध रूप से किए कब्जे मुक्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** समाजसेवी अंकित कुमार जोशी ने संपूर्ण समाधान दिवस में एक ज्ञापन देकर बताया कि नगर के अब्दुल्लापुर रौरा खुर्द वार्ड नंबर 25 में भूमाफियाओं द्वारा नदी की सरकारी जमीन जिसका गाटा संख्या 352 रखवा 1.4160 जो नदी के रूप में दर्ज है। इस पर कई लोगों द्वारा पक्के मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों पूर्व में कई बार की तो मौके पर हल्का लेखपाल द्वारा पैमाइश की गई जिसमें दबंग व्यक्तियों के मकानों का अवैध निर्माण पाया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवैध मकान का निर्माण हटाने के लिए नोटिस भी



जारी किया गया था। इसके बावजूद भी उक्त दबंग व्यक्तियों का नदी की सरकारी जमीन पर कब्जा जारी है। अंकित कुमार जोशी ने कहा कि नदी की सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध मकानों की जांच कराकर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# पर ड्रॉप-मोर क्रॉप के अंतर्गत खेत तालाब योजना में जनपद को 54 का लक्ष्य प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के श्पर ड्रॉप-मोर क्रॉपश के अन्तर्गत भूमि संरक्षण इकाई द्वारा संचालित वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना में इकाई को कुल 54 लक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

खेत तालाब योजना में लाभार्थी कृषकों की चयन/बुकिंग प्रक्रिया के आधार पर ीजजचे://हतपकंतोंद.नच. हवअ.पद के खेत तालाब कार्नर पर चल रही है।

योजना के अन्तर्गत 22◦20◦3 मी. तालाब के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान जिसकी अधिकतम सीमा 52500 रुपये का भुगतान लाभार्थी को डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना हेतु लक्ष्य के 40 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्र होगें जिन्होंने आवेदन तिथि तक विगत 07 वर्षों में उद्यान/कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की गयी हो एवं वर्तमान में चालू स्थिति में हो तथा अवशेष 60 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्रता की श्रेणी में आयेगें, जिन्होंने पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित नहीं की है, परन्तु अब खेत तालाब के निर्माण के साथ ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक हैं। ऐसे कृषकों को खेत तालाब का अनुदान तभी देय होगा जब वह सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने हेतु उद्यान विभाग का त्रिपक्षीय अनुबंध सत्यापन के समय उपलब्ध करायेगें। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत अनुदान का भुगतान दो किस्तों में किया जायेगा।

देय अनुदान का 75 प्रतिशत निर्धारित न्यूनतम आकार के तालाब की खुदाई का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त प्रथम किस्त के रूप में एवं शेष 25 प्रतिशत का भुगतान पक्का कार्य (इनलेट) पूर्ण करने पर द्वितीय किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत वाटर लिफ्टिंग डिवाइस अन्तर्गत पम्पसेट (इलैक्ट्रिक/डीजल), जिस पर मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम 15000 रुपये प्रति इकाई अनुदान भी कृषक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने वाले कृषक विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार कृषि विभाग के पोर्टल/एग्री दर्शन पोर्टल पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित किये जाने के साक्ष्य (उद्यान विभाग का पंजीकरण संख्या एवं शपथ पत्र) के साथ पंजीकरण करेंगे। इच्छुक कृषक किसी भी प्रकार की समस्या/जानक. ारी के लिए भूमि संरक्षण कार्यालय अथवा अवर अभियन्ता प्रशान्त कुमार के मो.नं.-9118956946, अवर अभियन्ता सौरभ कुमार गंगवार के मो. नं.- 9140979770 एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, ग्रुप-ए दुष्यन्त कुमार मो. नं.-9045885091 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# क्योंरार जीरो पॉइंट पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विशाल भंडारा जीरो प्वॉइंट क्योरार पर भगवान भोलेनाथ की कृपा से किया जा रहा है जिसमें सभी भोले भक्त, कांवरियों के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। जिसमें उपस्थित रामकिशोर पांडे सुरेश पांडे नरेश पांडे तरुण कुमार पांडे टिंकल पांडे, धर्मेंद्र देव गुप्ता, रामअवतार पांडे वेदराम यादव, चौधरी घनवीर सिंह अशोक पांडे, हरपाल, और संजय प्रधान कपिल प्रधान विश्वजीत पांडे सूरज पांडे विक्की पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

# लिखित परीक्षा के घोषित परिणाम की तिथि के आधार पर हो पदोन्नतिः लेखपाल संघ शाहबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की शाखा शाहाबाद ने आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग चार लखनऊ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय को सौंपते हुए ज्ञापन के जरिए मांग की है कि वर्ष 2015 में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में समस्त जिलों में लेखपाल पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा एक साथ आयोजित की गई थी। विज्ञप्ति से लेकर लिखित परीक्षा के आयोजन तक नियुक्ति से संबंधित समय सारणी का अनुपालन हुआ लेकिन उसके बाद न केवल जिला रामपुर बल्कि अन्य जिलों में भी लिखित



परीक्षा के उपरांत की कार्यवाही समयबद्ध एवं एकरूप ना रहने के कारण चयन के परिणाम स्वरुप नियुक्ति तिथि में विषमता उत्पन्न हो गई। वर्ष 2015 में ही परिणाम घोषित हुआ सितंबर द्वारा 15 में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए लेकिन जिला रामपुर में वर्ष 2016 में नियुक्ति पत्र वितरण हुए। विचारणीय है कि एक ही चयन में किसी विशेष जिले के समस्त लेखपाल एक साथ पदोन्नति प्राप्त कर लेंगे जबकि उक्त चयन में ही चयनित लेखपाल अधीनस्थ रह जाएंगे जो कि अव्यावहारिक एवं न्याय विरुद्ध है। लेखपाल संघ शाखा शाहाबाद ने मांग की है कि। लेखपाल परीक्षा दिनांक 15 मई 2015 के आलोक में नियुक्त लेखपाल की कोटि क्रम सूची लिखित परीक्षा के घोषित परिणामों की तिथि के आधार पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश की लिखित परीक्षा के परिणाम द्वारा तैयार की गई योग्यता सूची के आधार पर तैयार कर जिला रामपुर के लेखपालों को न्याय प्रदान करने की अपील की है। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष राहुल कुमार तहसील मंत्री रमन कुमार, सुमित सक्सेना,गौरव कुमार, मोहम्मद सालिक, सुखदेव, सुरेश गंगवार, विनेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग कराए प्रशासनः उस्मान

■ **किसान यूनियन ने तहसील सदर में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्य क्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे हैं उप जिलाअधिकारी सदर कुमार गौरव को सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव करने कैमरी रोड पहाड़ी गेट पर लकड़ी छिलाई बंद कराने बांसी आराजी भूमी कब्जा मुक्त कराने यूरिया खाद के साथ टैगिंग बंद कराने तथा पीलिंग मशीनों की लकड़ी खरीद की जांच करने आदि मांगे शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जनपद के किसी भी गांव में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा। जबकि मलेरिया विभाग मच्छर



नाशक दवा और छिड़काव के लिए धन ग्राम पंचायत को देता है जिसका बंदरबांट ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी कर लेते हैं।

उन्होंने आगे कहा इस समय धान की फसल में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग का कार्य चल रहा है और प्राइवेट दुकानदार खाद की कलाबारी कर रहे हैं। यह लोग शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर उर्वरक बिक्री कर रहे हैं इतना ही नहीं यह लोग किसानों को जबरदस्ती यूरिया के साथ कोई ना कोई अन्य उत्पाद जरूर दे रहे हैं। जिससे किसान की जेब पर अधिक भार पड़ रहा है जिसको किसी कीमत सहन नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार सक्सेना, मजहर अली खान, बबलू, फैजान खान, किशन कुमार, साजिद, शमीम जहां, नूर मोहम्मद, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मीटर रीडरों के विरुद्ध डीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कोयला निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र स्व.तेजराम ने जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजकर उल्लेख किया है कि केलाशो पत्नी नामालूम मीटर नं. -3881525 बी.सी.डी. व रियासत मीटर नं.-3737380 रीडिंग पिछली 9682 मौके पर 2855 बी.सी.डी. निवासीगण ग्राम ढक्का हाजीनगर, तहसील सदर, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर का राजेन्द्र सिंह पुत्र चुन्नी लाल बिजली घर खौद, जिला रामपुर में लाईन मैन के पद पर कार्यरत है और इनके द्वारा मीटर की रीडिंग घटाई व बढ़ाई गयी है। नरेश पुत्र जानकी मीटर नं.-387178 पिछली रीडिंग 7513 बी.आर. 3970 कराया गया नौरंगपुर, जिला रामपुर व अलीम पुत्र अब्दुल करीम मीटर नं. -69013580 पिछली 3843 बी.आर. 3814 ग्राम हरेटा कराया गया व शाहिद पुत्र नामालूम मीटर नं. -387776 मौके पर रीडिंग 13742 बी.सी.डी. न्यू कनेक्शन दे दिया गया।

ग्राम नौरंगपुर, जिला रामपुर व चम्पिया पत्नी अशर्फी लाल मीटर नं. -359855 पिछली रीडिंग 4808 मौके पर रीडिंग 2365 बी.आर. नौरंगपुर, जिला रामपुर का कराया गया व धर्मवति पत्नी बालमुकन्द मीटर नं.-360672 पिछली रीडिंग 4893 मौके पर 1430 बी.आर. ग्राम नौरंगपुर थाना अजीमनगर, जिला रामपुर में सद्दाम पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बगरव्वा, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर मीटरों में गड़बड़ी करता है उक्त सद्दाम (फिटर ढक्का हाजीनगर) व राजेन्द्र सिंह (फिटर केशोनगली) खौद बिजली घर रामपुर लाईन मैन के पद पर कार्यरत हैं और काफी समय से खौद बिजली घर पर कार्य कर रहे हैं और खौद के क्षेत्र में सभी लोगों से अच्छी जान पहचान होने के कारण मीटरों में घटाना बढ़ाने के लिये घरेलू कनेक्शन के लोगों को पैसे कमाने के उद्देश्य से गलत कार्य करते है तथा उक्त लोगों के कनेक्शन धारकों को बाईपास बिजली चोरी कर चलाने की सलाह देते है और उक्त लोगों से अवैध वसूली करते है जोकि भारत सरकार को बहुत बड़ी क्षति हो रही है और बड़ी संख्या में भारत सरकार को भी पैसों की हानि हो रही है इसलिए उक्त सद्दाम व राजेन्द्र सिंह को तत्काल जांच कराकर पद से टर्मिनेट किया जाये और दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. किये जाने के आदेश किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने उक्त सद्दाम व राजेन्द्र सिंह को तत्काल जांच कराकर पद से टर्मिनेट किया जाये और उक्त दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. किये जाने का आदेश पारित करने की मांग की है।

# करंट लगने से हैचरी पर काम करने वाले युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** हैचरी पर काम करने वाले एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जालिफ नगला में राम वाटिका के निकट एक मछली पालन की हैचरी बनी हुई है उसकी देखने के लिए मजदूर वहीं रहकर काम करते हैं शनिवार की शाम करीब 7 बजे



हैचरी पर काम करने वाला नोयन मित्रा निवासी हरि नगर कॉलोनी जनपद 24 परगना कोलकाता पश्चिम बंगाल हैचरी पर लगे समरसेबल को खोलने गया तब उसके करंट लग गया। यह देखकर उसके एक साथ ही ने उसे बचाने की को. शिश की जिसके बाद वो बुरी तरह से झुलस गया। इसके बाद उसके साथी लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर पहुंचे जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। घटना पर पहुंची पुलिस में शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया घटना की सूचनाओं के परिजनों को दे दी गई है।

# भाजपा नेताओं से सरकारी रास्तों को कब्जा मुक्त कराने को डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने गांधीवादी रवैया अपनाते हुए भारतीय परिधान धोती कुर्ता और टोपी लगाकर नंगे पैर चलकर तहसील मिलक में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता कर जिलाधिकारी को दो पत्र देकर अवगत कराया है।

उन्होंने अवगत कराते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद मिलक के खसरा संख्या 776 एवं 781 पर दो भाजपा नेताओं ने अवैध रूप से कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिया गया है लेकिन अधिशाषी अधिकारी द्वारा झूठ बोला जा रहा है कि रास्ता के सम्बन्ध में प्रकरण मा. सिविल न्यायालय रामपुर में विचाराधीन है जो कि पूरी तरह से गलत है।

जनहित में दोनों रास्तों को भाजपा नेताओं से कब्जा मुक्त कराने हेतु आग्रह किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत भैंसोड़ी में खसरा संख्या 211 एवं 808 जो तालाब के रूप में दर्ज हैं इनपर कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है लेकिन हल्का लेखपाल द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की



जा रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश शंखधार ने कहा कि आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का रवैया सकारात्मक है अब हमें न्याय की उम्मीद है।

इस मौके पर सर्वराज यादव, पुष्पेन्द्र गंगवार, प्रवीण गौड़, विशाल दुबे, दीनदयाल, प्रताप सिंह, कल्लू राम, राजेंद्र, भगवान दास, नत्थूलाल, विजयपाल, बॉबी यादव, राजेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतों में 4 का निस्तारण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** स्थानीय तहसील में एसडीएम राजकुमार भास्कर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को रेफर कर दिया गया। शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग,आपूर्ति,नगरपालिका, बिजली एवं पुलिस विभाग से संबंधित कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश के साथ सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को रेफर कर दिया गया। इस दौरान ग्राम हौंसपुर नगली, विकास खण्ड सैदनगर के लोगों ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की गांव में एक शमशान घाट है वहां दूसरे समुदाय के लोगों ने यूके लिप्टिस के पेड़ लगा लिए हैं।उन्होंने पेड़ हटाए जाने की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान शिकायतकर्ता बब्बू, रामचंद्र, जयपाल सिंह, दौलत राम, हेमराज आदि मौजूद रहे।एसडीएम ने हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर जांचोपरांत उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।इस अवसर पर सीओ कीर्तिनिधि आनंद, तहसीलदार निश्चय कुमार,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित,अमित कुमार, एसडीओ विद्युत शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी पर किसानों की जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पदाधिकारी बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्र हुए और किसानों को यूरिया खाद न मिलने की समस्या पर गंभीर चिंता जताई। संगठन ने आरोप लगाया कि जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी जोरों पर है, जिससे किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने की। उन्होंने तीन सूत्रीय ज्ञापन तैयार कर प्रदर्शन करते हुए तहसील दिवस के मौके पर एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में खाद की किल्लत, कालाबाजारी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपे जाने से पहले किसानों को संबोधित करते हुए मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा बिलासपुर की तहसील की सरकारी समितियों पर किसानों को खाद नहीं मिल रही है, जबकि यह समय फसल में



यूरिया डालने का है। सरकारी दुकानों पर खाद नहीं है, लेकिन प्राइवेट दुकानों पर कैसे उपलब्ध है? यह स्पष्ट रूप से कालाबाजारी का मामला है।ष्उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी समितियों और दुकानों के प्रभारी 60 प्रतिशत खाद वितरण कर रहे हैं, जबकि 40 प्रतिशत खाद माफियाओं को बेच दी जाती है, जिससे जिला कृषि अधिकारी को मोटी कमाई होती है। किसानों की मांग है किख्रखाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए कालाबाजारी पर रोक लगे जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से शामिल रहे:युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा, ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह, तहसील प्रभारी मोहम्मद अहमद प्रधान, मीडिया प्रभारी अहकाम मिर्जा, जयपाल, हरदीप सिंह, मुन्नीलाल, मुबारक हसन, सफदर अली, सलीम, इमरान, रिजवान अली, जमुना प्रसाद, रामपाल, सज्जाद, सत्य प्रकाश, प्रेमपाल सहित कई किसान और संगठन पदाधिकारी।

# शूटिंग रेंज के निर्माण को जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**पीलीभीत।** जनपद निवासी प्रजित शुक्ला पुत्र एडवोकेट पियूष शुक्ला द्वारा डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में आयोजित प्री उत्तर प्रदेश स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित कर जनपद का गौरव बढ़ाया है उल्लेखनीय है कि पीलीभीत में कोई इनडोर शूटिंग रेंज ना होने की वजह से खिलाड़ियों को बरेली व अन्य जनपदों में जाना पड़ता है सुविधा के अभाव में कई खिलाड़ी भाग लेने से एवं सीखने से वंचित रह जाते हैं यदि पीलीभीत में इनडोर शूटिंग रेंज की स्थापना हो जाती है तो भविष्य में अन्य खिलाड़ियों का भी भविष्य उज्जवल होगा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट अशोक बाजपेई एवं महासचिव दीपक शुक्ला के नेतृत्व में जिलाधिकारी पीलीभीत को गांधी स्टेडियम पीलीभीत में 10 मीटर इनडोर शूटिंग रेंज का निर्माण कराए जाने हेतु ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अशोक वाजपेई, महासचिव दीपक शुक्ला, महासचिव युवा आशीष दीक्षित, जिला मंत्री महेश मिश्रा आदि रहे।

## दो क्रय केंद्रों से 480 कुंतल गेहूं हुआ गायब क्रय केंद्र प्रभारियों पर गाज गिरना तय

**पीलीभीत।** जनपद के ललौरीखेड़ा और निजामडांडी सरकारी गेहूं केंद्रों पर किसानों से खरीदा गया 480 कुंतल गेहूं क्रय केंद्रों से गायब हो गया है 30 जून तक यह गेहूं एफसीआई के गोदाम में गेहूं क्रय केंद्र से पहुंचना था लेकिन अभी तक गेहूं नहीं पहुंच पाया है। जबकि लगातार केंद्र प्रभारियों को विभाग नोटिस जारी कर रहा है। दरअसल क्रय केंद्रों पर सरकारी गेहूं की खरीद 15 जून तक हुई थी। गेहूं खरीद होने के बाद 30 जून तक सभी केंद्र प्रभारियों को एफसीआई के गोदाम में यह गेहूं पहुंचाना था। लेकिन ललौरीखेड़ा व निजाम डांडी केंद्र प्रभारियों ने गेहूं का उतार नहीं किया। इसके बाद इनको लगातार एक माह के अंदर तीन नोटिस जारी किए गए हैं। बावजूद अभी तक गेहूं नहीं पहुंचाया गया। अब एआर कोऑपरेटिव प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि तीन नोटिस पूरे हो चुके हैं अगर फिर भी गेहूं एफसीआई में नहीं पहुंचा तो संबंधित केंद्र प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने गाय को मारी टक्क, मौत

**पुरनपुर।** नेशनल हाईवे 730 पर शुक्रवार रात्रि लगभग 11:30 बजे जसवंत के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सोनू ढाबा के पहले, गोपाल वाले तिराहे के पास एक तेज़ रफ्तार कंटेनर ने गौमाता को कुचल दिया। इस हृदयविदारक सूचना पर तत्काल राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की टीम की ओर से ठाकुर शिवम् भदौरिया मौके पर पहुँचे और तत्काल जसवंत ने उप जिलाधिकारी से संपर्क कर गौमाता के अंतिम संस्कार की व्यवस्था शुरू करवाई। उप जिलाधिकारी ने रात करीब 2 बजे तक फोन पर साथ बने रहे और पुलिस प्रशासन को मौके पर भेजा।

## बेनहर पब्लिक स्कूल में इंग्लिश क्लब एक्टिविटीज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित




**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल में स्कूल के इंग्लिश क्लब के सौजन्य से विभिन्न कक्षाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कक्षा 1 व 2 के लिए स्टोरी टेलिंग कंपटीशन, कक्षा 3 से 5 के लिए ड्रैमेटाइजेशन ऑफ़ फेयरी टेल्स कंपटीशन, कक्षा 6 से 8 के लिए पोएट्री डेक्लेमेशन कंपटीशन, कक्षा 9 और 10 के लिए स्पीच कंपटीशन तथा कक्षा 11 और 12 के लिए 'एक्सटेम्पोर (म•जमउचवतम) कंपटीशन' इनमें शामिल थे। एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा ने इंग्लिश टीचर्स से सम्नव्य करते हुए प्रतियोगिता के संयुक्त रूप से फॉर्मेट तय किए और रूप रेखा तैयार की। प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, हेडमिस्ट्रेस जूनियर नेहा पांडेय और हेडमिस्ट्रेस प्राइमरी रचना वाधवा ने प्रतिभागियों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रशंसनीय प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों में सूर्यांश मुकेश शर्मा, विहान मित्तल, विराज जायसवाल, नायरा अरोड़ा, आदित्री पांडे, मणिका, शिवांश भटनागर, कियारा महाजन, ऐसिस, आश्वी गुप्ता, आव्या गंगवार, वीर अग्रवाल, अनिका अग्रवाल, रिफना हसन, अव्याना आनंद, हिमाक्षी राणा, अर्तज़ा हयात,अलिशबा, ज़ैनब फातिमा, मानवी, मानसी वर्मा, प्रभात चौधरी, कामिनी, आरुष बंसल, अपराजिता भार्गव, समृद्धि राज सिंह, यशस्वी सिंह, अरुणभ वर्मा, अंशिका सिंह, फाजिला नूर, प्रांजल, अब्दुल अहद, खिज़रा, साहिबजोत सिंह, रिदम वर्मा और ऐशमीत सिंह आदि छात्र छात्रा शामिल रहे।

## पंचायत विभाग में जिला पंचायत के वार्डो की अन्तिम परिसीमन सूची गलत हुई प्रकाशित

**मथुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वार्ड परिसीमन की प्रक्रिया के बाद पंचायत विभाग से जिला पंचायत के वार्डों का गलत अनंतिम सूची का का प्रकाशन हो गया। विभाग के अधिकारियों को गलती की जानकारी हुई तो आज संशोधित अनंतिम सूची जारी की गई है। इस सूची पर पांच अगस्त तक आपत्तियां कोई भी व्यक्ति या राजनैतिक दल का पदाधिकारी दर्ज करा सकता है। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि अनंतिम सूची पर अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत कार्यालय पर दावे और आपत्ति दिए जा सकते हैं। आपत्तियों का निस्तारण 8 अगस्त तक करते हुए 10 अगस्त को वार्डों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत के वार्ड 1 से 3 तक पुराने ही वार्ड रहेंगे। पुराने वार्ड 18 से 33 के अब नए वार्ड 17 से 32 तक बनाये गये हैं। पुराने वार्ड 4 से 17 तक के कुल 14 वार्ड बनाये गए थे इनमें अब आंशिक संशोधन कर 13 वार्ड बनाए गए है। अब जो 4 से 16 तक बनाये गए हैं। डीपीआरओ ने बताया कि 28 जुलाई को जिला पंचायत की प्रकाशित अनंतिम परिसीमन सूची त्रुटि वश गलत प्रकाशित हो गई थी। विद्युत की बार– बार कटौती और कंप्यूटर पर कट पेस्ट करने के कारण त्रुटि हुई। जब दो दिन में काफी आपत्ति आने लगी तो मिलान करने पर पाया गया कि गलत सूची प्रकाशित हो गई है। इस प्रकार आज डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय परिसीमन की समिति से अनुमोदनोंपरात जिला पंचायत के सही संशोधित अनंतिम सूची प्रकाशित की गई।

## हृदय रोग पीड़ित युवक गंगा में कूदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** हृदय रोग से पीड़ित युवक ने जीजा से मोबाईल पर गंगा पुल से गंगा में छलांग लगाने की बात कहकर फोन काट दिया। पुलिस ने युवक को गंगा में डूबने की आशंका व्यक्त करते हुए तलाश में गोताखोर लगाए। गंगा पुल चौकी प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि गंगा पुल पर संभल की ओर एक बाइक खड़ी हुई है। बाइक पर कपड़े व मोबाईल रखा हुआ है। पुलिस द्वारा मोबाइल में दर्ज एक नंबर से संपर्क करने पर बताया कि यह फोन 35 वर्षीय संजीव शर्मा पुत्र ब्रजलाल शर्मा निवासी हरिदासपुर थाना रामनगर जिला बरेली का है। पुलिस ने संजीव के परिजनों का नंबर लेकर घटना की जानकारी दी है। घटना स्थल पहुंचे संजीव के जीजा मनोज शर्मा ने बताया कि वह काफी दिनों से हृदय रोग से पीड़ित था।

# दोस्त को मारी गोली, फिर खुद की बाजू में किया फायर, घायल



**मथुरा।** दरअसल छाता कस्बे में सिंगू थोक में रहने वाले रवि और सुनील दोनों दोस्त हैं। रवि ने शुक्रवार को सुनील से 4 लाख रुपये उधार लिए थे। शनिवार को सुबह 11 बजे के करीब रवि सुनील को यूकेलिप्टस के पेड़ों का सौदा करने की बात कहकर अपने साथ ले गया। गांव बिडावली के खेतों पर जाकर दोनों एक माइनर की पटरी पर बैठे थे, तभी मौका देख रवि ने सुनील को गोली मार दी। सुनील माइनर में कूद गया और चिल्लाने लगा। खेत में काम कर रहे किसान गोपाल पुत्र उदय सिंह निवासी बरौली ने सुनील को बचाने की कोशिश की तो रवि ने दो गोली गोपाल के सिर में मार दीं। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और रवि मौके से फरार हो गया। घटना के 2 घंटे बाद पता लगा कि कोसीकलां के कोल्लम माल पेट्रोल पंप के समीप रवि ने भी अपनी बाजू में गोली मार ली। पुलिस ने मौके का जायजा लिया और तीनों को केडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कुच्छेजा के निकट एक रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद बदायूं के थाना इस्लाम नगर के गांव अगरास निवासी धर्मेन्द्र पुत्र स्व0 किशोरी लाल ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका छोटा भाई राजेश 28 जुलाई की सुबह बाइक से फरीदाबाद से अपने गांव आ रहा था। तभी एक रोडवेज बस चालक ने ग्राम कुच्छेजा के पास बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया तीज का त्यौहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** सावन माह में खुटार रोड स्थितं गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल पूरनपुर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया तीज का त्यौहार। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल की प्रबंधिका राजपाल कौर, हरमनदीप भंगू ने भगवान शिव के समक्ष दीप जलाकर और सावन गीत गाकर किया। कार्यक्रम में स्कूल की समस्त शिशिकाओं के बीच तीज गेम का आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल की कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने मेहंदी लगाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसध्में काव्या मिश्रा, मन्नत यादव, सरनप्रीत कौर, जसप्रीत कौर, जसनदीप कौर, सुमनदीप कौर तथा कमलजीत कौर ने अपनी–अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधिका राजपाल कौर ने सभी शिक्षिकाओं को संबोधित करके त्योहार की शुभकामनायें दी। प्रधानाचार्य संजीव कुमार कुशवाहा ने तीज त्यौहार को क्यों मनाते है इस पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के एमडी भूपिन्दर सिंह बाजवा बलराज सिंह बाजवा सहित स्कूल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

## नक्शे के अभाव में ग्रामीण सरकारी योजनाओं से वंचित, ग्राम प्रधान ने डीएम से की नक्शे की मांग

**पुरनपुर।** विकासखंड पूरनपुर के तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत टांडा छत्रपति के ग्राम प्रधान लाला राम ने जिला अधिकारी पीलीभीत को एक शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि ग्राम पंचायत टांडा छत्रपति मजरा ग्रंट नंबर 16 उर्फ़ रामपुर विकासखंड पूरनपुर तहसील कलीनगर का नक्शा राजस्व अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है। जिसकी वजह से क्षेत्र के विकास कार्यों में काफी अवरोध होता है और क्षेत्रीय जनता को भी शासन–प्रशासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्राम प्रधान लाला राम ने जनहित में जिला अधिकारी से गांव का नक्शा उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया है। ग्राम प्रधान ने लिखा है कि बीते लगभग 4 साल से तहसील एवं जिला प्रशासन से उक्त नशे की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक नक्शा उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत, रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**जहांगीराबाद।** क्षेत्र के भईपुर दोराहे स्थित नवदुर्गा नर्सिंग होम में एक गर्भवती महिला वर्षा पत्नी नीरज निवासी गुचावली की प्रसव के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काटा। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और एक पुरुष डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार वर्षा को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने गांव की आशा कार्यकत्री सीमा से संपर्क किया। जिन्होंने वर्षा को भईपुर दोराहे के पास स्थित नवदुर्गा नर्सिंग होम ले जाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि सीमा स्वयं वर्षा को लेकर अस्पताल गई। वहां देर रात एक पुरुष डॉक्टर गाड़ी से आया था। उसने वर्षा का ऑपरेशन किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने गलत ऑपरेशन किया। जिससे वर्षा की तबीयत बिगड़ गई। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल स्टाफ से मदद मांगी, लेकिन स्टाफ ने तुरंत वर्षा को बुलंदशहर रैफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही वर्षा ने दम तोड़ दिया। गुस्साए परिजन वर्षा का शव लेकर वापस नवदुर्गा नर्सिंग होम पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की खबर मिलते ही अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को नियंत्रित किया। वर्षा के पति नीरज ने बताया कि 6 साल बाद उनकी पत्नी को पहला बच्चा होने वाला था, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही ने उसकी जिंदगी छीन ली। उन्होंने आशा कार्यकत्री सीमा और दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 विपिन कुमार से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि अस्पताल के दस्तावेजों देखने के बाद नर्सिंगहोम को सील करने की कार्यवाही की गयी है। कार्यवाहक इंस्पेक्टर ने बताय कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है ओर शव का पंचनामाभर कर पोसमार्टम को भेज दिया है।

## सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु चलाया अभियान

**मथुरा।** महापौर एवं नगर आयुक्त के स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा नगर निगम की संपत्तियों एवं सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम द्वारा इसापुर बांगर क्षेत्र में स्थित खसरा संख्या 72, रकबा 1.2 हेक्टेयर पर की गई बड़ी कार्रवाई के अंतर्गत अवैध रूप से बंजर भूमि पर फसल लगाकर किए गए कब्जे को हटाया गया। इस कार्रवाई के पश्चात उक्त भूमि पर नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के स्वामित्व का बोर्ड भी स्थापित कर दिया गया है जिससे भविष्य में पुनः अतिक्रमण की संभावना को रोका जा सके। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल आरके सिंह , कानून गो गजेंद्र सिंह , लेखपाल वेद प्रकाश तिवारी नगर निगम की म्ब्थ् टीम उपस्थिति रही ।

# पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या

**बुलंदशहर।** बीते शुक्रवार की देर रात क्षेत्र के गांव दौलताबाद में पूर्व ग्राम प्रधान की कच्छा बनियानधारी दो बदमाशों ने कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पैदल ही फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने घटना स्थल से पिस्टल और खाली खोखा बरामद किया है। वारदात के समय पूर्व प्रधान तहेरे भाई के साथ बाइक से घर लौट रहा था। एसएसपी समेत आला अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर दो लोगों को हिरासत में लिया है। गांव दौलताबाद निवासी 52 वर्षीय पूर्व प्रधान संजय चौधरी पुत्र बिजेंद्र चौधरी शुक्रवार की देर रात करीब 11.30 बजे गांव से तहेरे भाई जितेंद्र चौधरी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर बने तालाब के निकट पहुंचे, तभी वंहा पहले से घात लगाए बैठे दो कच्छा बनियानधारी बदमाशों ने बाइक रोककर पूर्व प्रधान संजय चौधरी के कनपटी पर गोली मार दी। गोली लगते ही संजय चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर हत्या की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। हत्या की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, एसपी सिटी शंकर प्रसाद, एएसपी रिजुल, सीओ स्याना प्रखर पांडेय छह थानों की फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि तहेरे भाई समेत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना के खुलासे को चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा का दिया जाएगा। घटना में आसपास के हमलावरों के होने का अंदेशा है। पत्नी टीचर, बेटे सॉफ्टवेयर इंजीनियर पूर्व प्रधान संजय चौधरी की पत्नी बबीता चौधरी गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में दोनों बेटों के साथ रहती हैं। बबीता चौधरी गाजियाबाद के दिल्ली पब्लिक स्कूल में टीचर हैं। जबकि बेटे शिवम चौधरी और अक्षत चौधरी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। पूर्व प्रधान गांव में ही अपनी 85 वर्षीय मां जगवीरी देवी के साथ रहते थे। चार दिन से गांव में देखे जा रहे बदमाश गांव दौलताबाद निवासी शिवम कुमार ने बताया कि उनकी गांव के बाहर दूध की डेरी है। पिछले चार दिन से रात में रोजाना बदमाश आ रहे हैं। डर की वजह से घर की छत पर तिरपाल डालकर पूरा परिवार सो रहा है। ताकि घर की छत से डेरी की निगरानी की जा सके। प्रधानी चुनाव लड़ने की तैयारी में थे संजय चौधरी ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान संजय चौधरी बेहद मिलनसार थे। वारदात से पहले भी वे कई घरों में बैठकर आए थे। रोजाना दस बजे के बाद ही गांव में होकर घर पहुंचते थे। करीब बीस वर्ष तक प्रधानी उनके खानदान के लोगों ने की है। संजय चौधरी वर्ष 2010 से 2015 तक दौलताबाद–रामगढ़ के प्रधान रहे थे। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव दौलताबाद निवासी पूर्व प्रधान संजय चौधरी के साथ तहेरे भाई जितेंद्र साए की तरह हमेशा उनके साथ रहते थे। घटना के समय हत्या के चश्मदीद जितेंद्र उन्हीं के ही साथ बाइक पर मौजूद रहे। बदमाशों ने केवल पूर्व प्रधान की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि उनके पीछे बैठे जितेंद्र को हाथ तक नहीं लगाया।

# समाधान दिवस में आई 43 शिकायतें



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शनिवार को खंर्जा तहसील में डीएम श्रुति की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 43 फरियादियों ने अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 2 शिकायत का निस्तारण किया गया।

शेष शिकायतों को संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से किया जाए। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में खुर्जा एसडीएम प्रतीक्षा पांडेय, सीओ खुर्जा पूर्णिमा सिंह संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जॉब फेयर में 1500 विद्यार्थियों को मिले आफर लैटर

**मथुरा।** संस्कृति विवि द्वारा आयोजित संस्कृति बिगेस्ट एवर मेगा जॉब फेयर में दूसरे दिन पांच बजे तक विभिन्न कंपनियों ने लगभग 2500 इंटरव्यू लिए। दो दिन के दौरान लगभग 15 सौ विद्यार्थियों को आफर लैटर या अगले राउंड के लिए सलेक्ट किया गया। अच्छी बात यह थी कि कंपनियों के अधिकारी अभ्यर्थियों के साथ सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाते हुए समय के बाद भी ऐंटरटेन कर रहे थे। नौकरी चाहने वाले सैंकड़ों विद्यार्थियों की संस्कृति विवि के प्रति कृतज्ञता आयोजकों के लिए एक सुखद एहसास बन गई। उन अभ्यर्थियों की खुशी देखने लायक थी जिनके हाथ में तीन–तीन कंपनियों के आफर लैटर थे। ऐसा इसीलिए हो पाया कि विद्यार्थियों के लिए एक ही जगह सौ से अधिक कंपनियां मौजूद थीं और वे अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार एक से अधिक कंपनियों में अपना भाग्य अजमा रहे थे। संस्कृति बिगेस्ट एवर जॉब फेयर में दूसरे दिन एक तरफ तो पहले दिन के साक्षात्कार के परिणाम घोषित हो रहे थे तो दूसरी तरफ पहली बार कंपनियों को इंटरव्यू देने वाले अभ्यर्थियों की लाइन लगी हुईं थीं। हालांकि कंपनियां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लेने ही आई हुईं थीं, लेकिन योग्यता की परख में उनके द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही थी। सबसे अच्छी बात यह थी कि कंपनियों के अधिकारियों ने सफलता न पा सकने वाले अभ्यर्थियों को कुछ सुझाव देकर अपने रिज्युमे को अपग्रेड कर कुछ समय बाद फिर से मौका देने के आश्वासन दिए। अभ्यर्थियों के लिए कंपनियों का ऐसा सहयोगात्मक रवैया एक नया अनुभव था। दूसरे दिन हालात यह हो गए कि इंटरव्यू देने वाले अभ्यर्थियों की लाइन लंबी थी और कंपनियों के अधिकारियों के सामने समय सीमा का संकट। ऐसे में यह सुझाव भी आया कि जॉब फेयर और अधिक दिनों का होना चाहिए। इस संबंध में इस मेगा जॉब फेयर आयोजित कराने वाले संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता का कहना था कि हमने जैसा सोचा था उससे अधिक हमारे इरादे को संतुष्टि मिली है। नौकरी पाने वाले बच्चों की खुशी ने हम सभी को ऐसा सुखद एहसास कराया है, जिसकी कोई कीमत नहीं। डा. सचिन गुप्ता का कहना था कि महत्वपूर्ण संख्या नहीं है महत्वपूर्ण है किसी एक बच्चे के भी सपने का साकार होना। यह कितनी बड़ी बात है कि इस जॉब फेयर के माध्यम से सैंकड़ों बच्चे नौकरी पाने में सफल हो गए जो शायद निराश हो चुके थे।

# पशुपतिनाथ के पांचों मुखों का अलग है मतलब:सुभाष गोयल

**कोसीकलां।** कैलास मानसरोवर के दर्शन करने के उपरांत ब्रजवासियों का दल शनिवार को काठमांडू पहुंचा, जहां बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।बाबा पशुपतिनाथ के हर मुख का अलग मतलब है।कोसीकलां से दूसरी बार 30 शिवभक्तों का दल 25 जुलाई को कैलाश मानसरोवर के लिए रवाना हुआ। इसमें 9 महिलाएं शामिल हैं। यात्रियों ने मंदिर के समीप परपंरागत नेपाली नृत्य का आनंद लिया। यात्रा में शामिल सुभाष गोयल,



अनिल प्रधान, राजेंद्र रूहेला ने बताया कि पशुपतिनाथ विग्रह में चार दिशाओं में चार मुख और ऊपरी भाग में पांचवां मुख है। प्रत्येक मुखाकृति के दाएं हाथ में रुद्राक्ष की माला और बाएं हाथ में कमण्डल है। प्रत्येक मुख अलग–अलग गुण प्रकट करता है। पहला मुख अघोर मुख है, जो दक्षिण की ओर है। पूर्व मुख को तत्पुरुष कहते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पांचवां टेस्ट: सिराज का घातक प्रदर्शन

## ● भारत के स्टार तेज गेंदबाज का जलवा जारी, पहली पारी में 4 विकेट लेकर स्टोक्स को पछाड़ा

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला के दौरान भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जलवा जारी है। जसप्रीत बुम. राह की गैरमौजूदगी में उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट झटके। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने चार विकेट लेकर बेन स्टोक्स को भी पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार के दिन ओवल टेस्ट में 15 विकेट गिरे। यह इस सीरीज के एक दिन के खेल में सर्वाधिक है। इससे पहले लाडर्स टेस्ट के चौथे दिन 14 विकेट गिरे थे। दरअसल, इस सीरीज में दो टेस्ट ऐसे आए, जिनमें बुमराह नहीं खेले। इससे पहले एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में बुमराह नहीं खेले थे। उस मैच को भारत ने 335 रन से जीता था और इतिहास रचा था। उस मुकाबले में भी सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व



किया था और घातक गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। अब उन्होंने कुछ ऐसा ही ओवल में आखिरी टेस्ट में किया है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में सिराज ने कप्तान ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल के महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को एक विकेट मिला। सिराज ने फ्रंट से लीड किया और इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट की 75 पारियों में 31.49 की औसत से 118 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार पारी में पांच विकेट लिए, जबकि 15 रन देकर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। इन 75 पारियों में से 28 पारियों में सिराज के साथ बुमराह नहीं थे। यानी बुमराह उन पारियों में सिराज के साथी गेंदबाज नहीं थे। वैसी 28 पारियों में सिराज ने 25.6 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से 44 विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह के साथ उन्होंने टेस्ट की 47 पारियों में गेंदबाजी की है और 35 की गेंदबाजी औसत से 74 विकेट चटकाए। यानी बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बेहद घातक साबित हुए हैं। चार विकेट लेने के साथ ही सिराज के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट भी पूरे हो गए। उन्होंने टेस्ट में 118 विकेट लेने के अलावा वनडे में 71 और टी20 में 14 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के 15वें तेज गेंदबाज बने। इतना ही नहीं, सिराज ने मौजूदा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 18 विकेट ले लिए हैं और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 35.7 की औसत से ये विकेट लिए हैं। इस सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर छह विकेट रहा है।

# मुकाबला देखने ओवल पहुंचे हिटमैन

### स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हुए



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल मैदान में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी जारी है।

हालांकि, इस मैच को देखने के लिए एक ऐसा शख्स पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस मैच को देखने के लिए ओवल पहुंचे। वह स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हो गए। पिछले इंग्लैंड दौरे पर बतौर खिलाड़ी स्टेडियम में एंट्री लेने वाले हिटमैन को ओवल में लाइन में लगकर और टिकट दिखाने के साथ-साथ पहचान पत्र दिखाकर एंट्री लेनी पड़ी। रोहित इन दिनों पत्नी रितिका और परिवार के साथ यूरोप टूर पर हैं। वह इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट देखने का फैसला किया। दो महीने पहले तक वह इस भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हुआ करते थे। हालांकि, मई में टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। रोहित ने इंस्टाग्राम पोस्ट में सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में पहुंचे

**टोरंटो, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेग. ला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। मैच के बाद फिट्ज ने कहा कि मेरा मानना है कि टूर्नामेंट में कनाडाई खिलाड़ी के साथ खेलने के दौरान दर्शकों ने बहुत अच्छा व्यवहार किया। मुझे लगा था कि दर्शक अधिक आक्रामक होंगे। लेकिन सभी बहुत अच्छे थे। मैंने इससे भी बदतर हालात का सामना किया है।

### भारत-पाक मैच के लिए सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, वार्ता।** शिवसेना की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। वरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा।

# भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है।

डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा कि भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण,

### ● भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब जीता

तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

# भारत को अब तक नहीं मिला पुजारा का रिप्लेसमेंट

### ● करुण नायर के बाद सुदर्शन भी नंबर-तीन पर फेल, बनाए 140 रन

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर करने के बाद अब तक भारत को नंबर तीन पर कोई स्थाई खिलाड़ी नहीं मिल पाया है। इस दौरान टीम इंडिया ने कई खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन बस नाकामी हाथ लगी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर आजमाया गया, फिर करुण नायर को भी आजमाया गया, लेकिन दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर सके हैं। ऐसे में, नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की खोज जारी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का का मौका मिला। हालांकि, उस टेस्ट में हार



के बाद उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर दिया गया। हेडिंग्ल में सुदर्शन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे। इसके बाद करुण को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिला। करुण ने एजबेस्टन में 31 और 26 रन की पारी और लाड्र्स में 40 और 14 रन की पारी खेली। इसके बाद मैनचेस्टर टेस्ट के लिए करुण को भी ड्राप किया गया और वापस से सुदर्शन पर भरोसा जताया गया। सुदर्शन पहली पारी में जरूर 61 रन बनाए, लेकिन फिर उनके बल्ले से रन ही नहीं निकले। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके। फिर ओवल में पहली पारी में सुदर्शन 38 रन और दूसरी पारी में 11 रन बना सके। इस तरह नंबर तीन पर सुदर्शन की पहली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज का अंत तीन टेस्ट की छह पारियों में 140 रन के साथ हुआ। इस दौरान उनका औसत 23.3 का रहा। वहीं, करुण ने नंबर तीन पर चार पारियों में 111 रन के साथ किया। जब विराट कोहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे तो गिल को नंबर तीन स्थान दिया गया था। कोहली के संन्यास लेने पर नंबर चार पर कोहली के स्थान पर गिल को शिफ्ट किया गया और उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं, रहाणे के नंबर पांच पर पंत पिछले कुछ समय से काफी सफल रहे हैं। हालांकि, गिल के नंबर तीन से हटने के बाद से कोई स्थाई नंबर तीन नहीं मिल पाया है। पिछले 10 टेस्ट यानी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बात करें तो भारत ने पांच खिलाड़ियों को अब तक नंबर तीन पर आजमाया है। इनमें गिल के अलावा देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, साई सुदर्शन और करुण शामिल हैं। पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खिलाने के बाद अगले टेस्ट में ड्राप कर दिया गया। वहीं, गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट में नंबर तीन पर खेले, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया।

# रूट के साथ जुबानी जंग पर प्रसिद्ध: यह योजना का हिस्सा था

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके शब्द जो रूट की लय बिगाड़ देंगे और रूट को पवेलियन की राह दिखाने की यह एक बड़ी वजह बनेंगे जिसके चलते भारत ओवल टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर पहुंच जाएगा।

रूट जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब इंग्लैंड 129 के स्कोर पर दो विकेट के नुकसान के साथ अच्छी स्थिति में था। दोपहर में धूप से भरे मौसम के बाद बादल छाने लगे और प्रसिद्ध ने आकाश दीप और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर इंग्लैंड की पारी की रफ्तार को धीमा करना शुरू किया। रूट ने पहली गेंद का जब सामना किया तब प्रसिद्ध की गुड लेंथ पर पड़ी गेंद उछाल के साथ उनके दस्ताने पर जा लगी। दो गेंद बाद, एक वोबल सीम गेंद पर वह प्रसिद्ध के खिलाफ डिफेंस पर बीट हुए और संभवत: तभी प्रसिद्ध ने रूट से यह शब्द कहे थे। इसकी ठीक अगली गेंद पर रूट ने स्क्वायर ड्राइव पर चौका जड़ते हुए प्रसिद्ध को भी कुछ शब्द कहे और अंपायर कुमार धर्मसेना को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने प्रसिद्ध से बात की। धर्मसेना जब प्रसिद्ध से बात कर रहे थे तब के एल राहुल और शुभमन गिल भी वहां पहुंच गए और यह चर्चा दो मिनट से अधिक देर तक चली। अगले कुछ ओवरों तक धर्मसेना ने प्रसिद्ध पर नजरें जमाई रखीं और इस दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ी रूट के साथ उलझते रहे। प्रसिद्ध ने माना कि रूट के इस तरह घबरा जाने से वह हैरान थे। उन्होंने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल को कहा मुझे नहीं पता कि रूटी ने ऐसा क्यों किया। मैंने बस इतना कहा कि आप बहुत अच्छे फॉर्म में दिख रहे हो' और फिर बात गाली-गलौज वगैरह में बदल गई। प्रसिद्ध ने स्वीकार किया कि रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। उन्होंने मीडिया ब्रीलफग में कहा कि यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। प्रसिद्ध ने कहा कि उन्हें 'आक्रामक' होने में मज़ा आता है और यह सिर्फ 'प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त' लेने के चलते रूट और उनके बीच 'मज़ाक' हुआ। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, जब मैं अपने खेल का आनंद ले रहा होता हूं, तो मैं ऐसा ही होता हूं। अगर इसका मतलब है कि मैं बल्लेबाज से थोड़ी-बहुत बात. चीत कर पाता हूं और जब मैं बल्लेबाज को परेशान कर पाता हूं और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त कर पाता हूं, तो इससे मुझे मदद मिलती है। लेकिन मुझे वह एक इंसान के रूप में पसंद हैं। वह खेल के दिग्गज हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता है जब दो लोग किसी खास पल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विजेता बनने की चाहत रखते हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेसकॉथिक, रूट को परेशान करने की भारत की योजना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहते थे। रूट इस सीरीज में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ट्रेसकॉथिक ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने कोई टिप्पणी की है, है ना? जाहिर है कि उन्होंने (प्रसिद्ध) रूट पर दबाव बनाने और उन्हें थोड़ा उत्तेजित करने की कोशिश की। हो सकता है कि उन्होंने पिछले कुछ मैचों में उन्हें इतना अच्छा खेलते देखा हो कि भारत ने एक अलग तरीका अपनाया, और जो ने जवाब दिया, जैसा कि वह कभी-कभी करते हैं। आम तौर पर, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बस हंसते-खिलखिलाते रहते हैं और चीजों को होने देते हैं।

# मोहम्मद शमी ईस्ट जोन के दल में शामिल, इशान किशन करेंगे कप्तानी

### ● 15 सदस्यीय दल में आकाशु दीप, मुकेश कुमार, रियान पराग, व अभिमन्यु जैसे खिलाड़ी शामिल है

**कोलकाता, वार्ता।** भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग-अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच



नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्द्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं। इस दल में पिछले सीजन में बंगाल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप चटर्जी के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप कुमार घरामी स्टैंडबाय में हैं। झारखंड के दोनों सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट सिंह और शरणदीप सिंह ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी भी इस दल में शामिल हैं, जिन्होंने सात मैचों में 22 विकेट लिए हैं। जिसमें तमिलनाडु के खिलाफ पिछले दौर के मैच में 49 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर युवा वनडे मैचों में सबसे तेज शतक लगाया था और दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे, वह भी छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। छह टीमों वाली दलीप ट्रॉफी क्षेत्रीय प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं, बल्कि

### जियोस्टार करेगा डीपीएल सीजन-2 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियोस्टार दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के सभी मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के लिए जियोस्टार के साथ तीन साल के ऐतिहासिक प्रसारण समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत डीपीएल के सभी मैचों का स्टार स्पोर्ट्स 2 लहदी पर और जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। डीपीएल का दूसरा सत्र आज से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और गत विजेता ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2

# वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

**लंदन, वार्ता।** डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को 'अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा'। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉर्ड्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए।

इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की को. शिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि 'इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के

### ● इंग्लैंड नवम्बर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज जीतने की कोशिश करेंगे

बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा कि जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। पिछले साल अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वार्नर मंगलवार को ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अपना शतक लगाने के लिए तैयार हैं। वह 14 अगस्त को लॉर्ड्स में रूट की ट्रेंट रॉकेट्स से भिड़ सकते हैं। रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज़ हैं और इंग्लैंड की एशेज जीतने की उम्मीदों के लिए अहम हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी शतक नहीं बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें. दबाज हेजलवुड ने उन्हें 18 टेस्ट मैचों में 10 बार आउट किया है - ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कलमस और भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा उन्हें 11 बार आउट किए जाने से एक कम। वार्नर ने कहा कि 'सब कुछ गेंदबाज़ों पर निर्भर करता है। अगर इंग्लिश गें. दबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं तो वे मुकाबले में आ जाएंगे। वार्नर को इस साल द हंड्रेड में अपने एक अन्य पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वी अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन का भी सामना करना पड़ सकता है।

# ओवल टेस्ट: दूसरी पारी में भारत 300 पार

### ● इंग्लैंड पर मिली बढ़त, 281 रन, जडेजा-जुरेल पिच पर, जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया

**द ओवल, वार्ता।** भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा कर लिया हैं। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वाचमैन 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3, जोश टंग ने 2 और जैमी ओवर्टन ने 1 विकेट लिया। टीम इंडिया ने



आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वाचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। आकाश दीप नाइट वाचमैन के रूप में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे और फिफ्टी लगा दी। ओवल टेस्ट के तीसरा दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा है। टीम इंडिया ने इस सेशन में 115 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 3 विकेट हासिल किए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 304/6 है। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल की जोड़ी नाबाद है। यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। 67वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा क्ते लेकर पगबाधा आउट होने से बच गए। जोश टंग की यार्कर उनके पैर के जूते पर लगी। उन्हें फील्ड अंपायर आउट भी दे दिया। ऐसे में जडेजा ने क्ते की मांग की। वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फैसला बदला। 65वें ओवर में भारतीय टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। 58वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। जिमी ओवर्टन के ओवर की चौथी बाल पर बेन डकेट से यशस्वी जायसवाल का कैच ड्रॉप हुआ। इतना ही नहीं, बाल बाउंड्री लाइन के बाहर चली गई। इन 4 रनों के सहारे टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल किया। 55वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। नायर पिछले ओवर में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। 54वें ओवर में हैरी ब्रूक से कैच ड्राप हुआ। तब वे 12 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। टीम इंडिया ने 26 ओवर के इस सेशन में एक विकेट खोकर 114 रन बनाए। आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद लौटे हैं।

# अमेरिका ने सात महीने में 1700 भारतीय निकाले

## इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं, विदेश राज्य मंत्री बोले: बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था-क्या सरकार जनवरी 2025 से अमे. रिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा: बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा: अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए, भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा: अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।



- कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी
- अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है

## अमेरिका के मोंटाना में गोलीबारी, चार मरे

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मोंटाना राज्य के एनाकोंडा में शुक्रवार को एक बार में हुई गोल. बारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एनबीसी मोंटाना की रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी कल सुबह दक्षिण-पश्चिमी मोंटाना के एनाकोंडा शहर के द आउल बार में हुई। एनाकोंडा-डियर लॉज काउंटी कानून प्रवर्तन केंद्र द्वारा एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार संदिग्ध की पहचान माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है। पोस्ट में कहा गया है, 'जानकारी के लिए बता दें कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हथियारबंद और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने फेसबुक पर संदिग्ध की एक तस्वीर पोस्ट की और लोगों को स्टंपटाउन क्षेत्र और आसपास के इलाकों से दूर रहने की सलाह दी।



मिर्जापुर। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आबादी में पहुंचे पानी से गुजरते राहगीर।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे को 12 साल की नजरबंदी की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे (73) को प्रक्रियात्मक धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 12 साल की नज़रबंदी की सजा सुनाई गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव पक्ष के वकील ने पहले घोषणा की थी कि वे अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने खुद को निर्दोष बताया था। बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को इन अपराधों का दोषी पाए जाने के चार दिन बाद शुक्रवार को सज़ा की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभी भी महसूस किए जा रहे रूस में भूकंप के झटके

**मॉस्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई को आए भीषण भूकंप के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में भूकंप के 140 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। आपात स्थिति से संबंधित मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.2 से 6.2 तीव्रता वाले 146 झटके महसूस किए गए। आबादी वाले क्षेत्रों में 2 से 5 तीव्रता वाले 20 से अधिक झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बेज़ीमियानी, शिवेलुच, क्लुचेवस्काॅय और कारिम्स्की ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं।

### कुरील द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** कुरील द्वीप समूह के पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को अंत. राष्ट्रीय समय 18:20 बजे पर कुरील द्वीप समूह के पूर्व में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 50.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 159.09 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो।** जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि देशभर में जुलाई महीने का औसत तापमान 1898 में शुरू हुए तुलनात्मक रिकॉर्ड के बाद से सबसे अधिक रहा जिसने 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को 2.16 डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। मौसम अधिकारियों के मुताबिक इस साल सामान्य तापमान का अधिक होने का रिकार्ड पिछले आंकड़ों से कहीं ज्यादा है।

# सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा: ट्रम्प

## कहा: उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, पर अगर ऐसा होता है, तो ये अच्छी बात होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रायटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रायटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रायटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमें यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूद भंडार, लाजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10 प्रतिशत है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, जी-7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपीईसी+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती।



- यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे
- भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है

### रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमे. रिकी दबाव में रूस से आयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा: बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरक. री आयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मास्को से तेल नहीं खरीदने की चेता. वनी दी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# 2000 ईरानी मौलवियों ने की ट्रम्प की हत्या की मांग

**तेहरान।** ईरान में 2000 से ज्यादा मौलवियों ने खुलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की मांग की है। इन मौलवियों ने कहा है कि ट्रम्प का खून हलाल है यानी कोई भी उन्हें खत्म कर दे तो गुनाह नहीं है। मौलवियों ने कहा है कि जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये बयान 1 अगस्त यानी शुक्रवार को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शिक्षा केंद्र कुम सेमिनरी की तरफ से जारी किया गया।

इसमें कहा गया कि अब सब्र का दौर समाप्त हो गया है। ट्रम्प का खून और उसकी संपत्ति अब हलाल है। सुलेमानी की शहादत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये खूनी अपराधी अब नहीं बचेगा। दुनिया चुप नहीं बैठेगी। बदला जरूर लिया जाएगा। जनरल कासिम सुलेमानी, ईरान के एक ताकतवर सैन्य अधिकारी थे जिन्हें 2020 में बगदाद में अमे. रिकी ड्रोन हमले में मार दिया गया था। जनरल कासिम इराक और सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ने के लिए चर्चित थे। ईरान मौलवियों के इस बयान के पीछे इजरायली डिफेंस मिनिस्टर इसरायल काट्ज का एक इंटरव्यू है। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर खामेनेई हमारे निशाने पर होते, तो हम उन्हें भी खत्म कर देते। मौका नहीं मिला, वरना काम कर देते। उन्होंने ये भी कहा कि इसके लिए इजरायल को अमेरिका की इजाजत की जरूरत नहीं थी। इजरायली मंत्री के इसी बयान ने ईरानी मौलवियों ने भी प्रतिक्रिया दी। धर्मगुरु अयातुल्ला नासिर मकारेम शिरा. जी ने जवाब में कहा कि जो भी इस्लामिक लीडर्स को धमकी देता है या उन पर हमला करता है, वो खुदा का दुश्मन है। बयान पर छोटे छात्रों से लेकर बड़े-बड़े मौलवियों के साइन हैं।



बोले: ट्रम्प का खून करना हलाल, सुलेमानी की मौत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज

# उत्तरी वियतनाम में बाढ़, आठ लोगों की मौत, तीन लापता

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में हाल के दिनों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गई है और अन्य तीन लापता हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानक. री दी। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शनिवार सुबह 06 बजे तक लगभग 60 घर बाढ़ के पानी में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से से तीस गांवों को अन्य इलाकों से संपर्क टूट गया। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस, सैन्य बल, स्थानीय मिलिशिया और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों सहित लगभग 700 कर्मियों को तैनात किया गया है। जा डुंग कम्यून के एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान आज सुबह वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने स्थानीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करें कि कोई भी आपदा से पीड़ित व्यक्ति भूखा न रहे, लंबे समय तक संपर्क से दूर न रहे, या सूचना तक उसकी पहुंच न हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बचावकर्मियों और बाढ़ प्रभावित निवासियों, दोनों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से तीस गांवों का अन्य इलाकों से संपर्क टूटा

## चीन ने आंधी-तूफान व उच्च तापमान के लिए किया अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को मौसम संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान और उच्च तापमान की चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आंधी-तूफान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और शनिवार से रविवार तक भीतरी मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओ. निंग, शांक्सी, हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, जिआंगसू, शंघाई, झेजियांग, अनहुई, जियांग्शी, फ़ुज़ियान, ग्वांगडोंग, गुआंग्शी, युन्नान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। एनएमसी के अनुसार इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटे 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है जिसके साथ आंधी-तूफान भी आ सकते हैं।

# रूस के पास दो एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था-हम इजरायल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनामी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनामी बताया था। उन्होंने कहा था-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था कि ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोवियत यूनियन ने 1980 के दशक में एक आटोमैटिक परमाणु रिटेलिएशन सिस्टम बनाया था, जिसे डेड हैंड कहते हैं।



ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा

# अली लारीजानी बन सकते हैं ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी जल्द ही सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव बन सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लारीजानी आने वाले दिनों में एसएनएससी के प्रमुख के रूप में अली अकबर अहमदियन की जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एसएनएससी में संरचनात्मक परिवर्तन पूरे हो जाने के बाद ईरान में एक नई रक्षा परिषद की स्थापना की जाएगी, जिसकी संरचना निकट भविष्य में होने की उम्मीद है। ईरान की नई रक्षा परिषद स्थापित करने की योजना उसके खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की शुरुआत के ठीक एक महीने बाद सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परिषद को ईरान की रक्षा नीतियों से संबंधित रणनीतिक मिशनों को अंजाम देने का काम सौंपा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में 'संरचनात्मक परिवर्तनों' को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। एसएनएससी से संबद्ध ईरान के नूर न्यूज़ ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि आवश्यक आधार तैयार करने और संरचनात्मक सुधार करने के बाद, (ईरान के) कुछ उच्च-स्तरीय सुरक्षा संस्थानों के स्तर पर आसन्न परिवर्तनों के कार्यान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

# भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा: हमने 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराया

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा: बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वार्ताकार डॉ. खलीलुर रहमान ने कहा कि हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं। रहमान ने आगे कहा कि हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमे. रिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है। कपड़ा इंडस्ट्री देश की जीडीपी का 11 प्रतिशत और कुल निर्यात (एक्सपोर्ट) आय में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है।



यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया

# इजरायल ने यमन से दागी कई मिसाइल को रोकने का किया दावा

**यरूशलम/सना।** इजरायल ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइल को रोकने का दावा किया है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सेना ने शुक्रवार शाम यमन से इज़रायली क्षेत्र की ओर दागी गई एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने या किसी के मारे जाने की कोई खबर नहीं है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ ने मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद एक अलर्ट जारी किया और लगभग पांच मिनट बाद पश्चिमी यरूशलम सहित मध्य और दक्षिणी इज़रायल के क्षेत्रों में वायु रक्षा सायरन बजने लगे जिससे लोग आश्रय स्थलों की ओर भागे। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लैंडिंग और टेकऑफ़ के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। यमन के हूती समूह ने बाद में अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उसने बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक 'हाइपरसोनिक बैलिस्टिक' हमला किया और हमले ने 'अपना लक्ष्य हासिल कर लिया' जिससे हज़ारों इज़रायली 'आश्रय स्थलों की ओर भागने और हवाई यातायात रोकने' पर मजबूर हो गए।

# नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी

## जवान के लिए नेशनल अवार्ड पर शाहरुख ने जताई खुशी



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने फिल्म जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। शाहरूख खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए 33 वर्ष हो गए हैं। पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शाहरूख खान ने खुशी जताई है। शाहरूख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शाहरूख ने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नहीं कि मैं इस समय कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवनभर सराहूंगा जूरी, चेयरमैन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। उन्होंने कहा, मैं अपने निर्देशकों और लेखकों का भी दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, खासकर से 2023 के लिए। राजू सर (राजकुमार हिरानी), सिड (सिद्धार्थ आनंद) आपका

## 71वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स की हुई घोषणा में रानी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉवे के लिए मिला पुरस्कार



**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत हैं। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए तीन दशक हो गए हैं। रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत है। रानी मुखर्जी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक कलाकार के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्‌भुत माताओं को समर्पित करती हूं। मां के प्यार और अपने बच्चों की रक्षा करने की उनकी शक्ति जैसा कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं दुनिया भर के अपने सभी प्रशंसकों का एक बार फिर शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने इन 30 सालों में मेरा साथ दिया है।

## शाहरुख जैसे दिग्गज के साथ अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना सौभाग्य की बात: विक्रांत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी का कहना है कि शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकार के साथ पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। विक्रांत मैसी ने शाहरुख के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। विक्रांत मैसी ने कहा, मैं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी और 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अभिनय को इस सम्मान के योग्य समझा। मैं विधु विनोद चोपड़ा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। आज, यदि मैं ऐसा कहूं तो, एक 20 साल के लड़के का सपना सच हो गया है। मेरे अभिनय को सम्मान देने और इस फिल्म को इतने प्यार से सुझाने के लिए मैं दर्शकों का हमेशा आभारी रहूंगा।

## किआरा के जन्मदिन पर सिद्धार्थ ने मंगाया स्पेशल केक



**मुंबई।** एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने 31 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन मनाया है। इस खास मौके पर फैमिली और फैंस से मिले प्यार के लिए अब उन्होंने आभार जताया है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा, अपने पेरेंट्स और बच्ची को भी जिक्र किया है। न्यू माम किआरा ने अपने पोस्ट में स्पेशल केक की झलक भी दिखाई है। केक का डिजाइन उनके मदरहुड जर्नी को दिखा रहा है, जिसमें एक महिला गोद में बच्चे के लिए हुए है। केक पर लिखा है- श्हैप्पी बर्थडे की। वंडरफुल माम। किआरा नोट में लिखती हैं- 'मेरा सबसे खास जन्मदिन। मेरे लाइफ के प्यारे लोगों से घिरा हुआ। मेरा बेबी, मेरे पति और पेरेंट्स।। और हमारे दोनों गाने रिपीट मोड में बज रहे हैं क्योंकि हम इस शानदार साल में कदम रख रहे हैं। आप सभी के विशेज के लिए शुक्रिया। बता दें कि 15 जुलाई को किआरा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। डिलीवरी के बाद जब एक्ट्रेस को अस्पताल से डिस्चार्ज मिला तब कपल की ओर से पैपराजी के लिए एक नोट शेयर किया गया है, जिसमें रिक्वेस्ट की गई है कि उनकी बेटी की तस्वीरें क्लिक न की जाएं। सिद्धार्थ और किआरा की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा था, हमारी नन्ही परी आ गई है। इस खास पल का जश्न मनाने के लिए बस कुछ मीठा। प्लीज तस्वीरें ना क्लिक करें, सिर्फ आशीर्वाद दें। किआरा और सिद्धार्थ। वहीं, एक्ट्रेस की वर्क फ्रंट की बात करें तो किआरा की फिल्म श्वार 2श 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। उनके बर्थडे के मौके पर फिल्म का पहला गाना आवन-जावन रिलीज़ किया गया। फिल्म किआरा के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह एक्शन थ्रिलर 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज की जाएगी।

## दो अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं अमिताभ

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर को है, लेकिन वह 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। वर्ष 1982 में अमिताभ फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे थे। सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके पेट मे गंभीर चोट लग गई थी। अमिताभ कई दिनों तक अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रहे। यह चोट इतनी गहरी थी कि उनकी मल्टीपल सर्जरी हुई। अमिताभ बच्चन लगभग मौत के मुंह में जा चुके थे।

## चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में दिखाई देंगे समर्थ्य

**मुंबई।** अभिनेता समर्थ्य गुप्ता शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान अब अपनी कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहा है। दर्शक जल्द ही बड़े पृथ्वीराज चौहान के रूप में अभिनेता समर्थ्य गुप्ता को देखेंगे, जो इस वीर राजा की भूमिका निभाने जा रहे हैं। उनके प्रवेश से शो में एक नए युग की शुरुआत होगी, जिसमें भावनात्मक गहराई और इतिहास की एक अविस्मरणीय प्रेम कहानी - पृथ्वीराज और संयोगिता - को और भी खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए समर्थ्य ने कहा, जब मुझे भारत के सबसे बहादुर राजाओं में से एक, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिला, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने अपने प्राण मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिए। यह भूमिका आसान नही है, इसके लिए मुझे शारीरिक और मान. सिक दोनों रूप से तैयारी करनी होगी।

## तारा सुतारिया और वीर एक साथ स्पॉट किए गए

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि अब तक किसी ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन दोनों को कई बार साथ देखा गया है।

हाल ही में सामने आई एक वीडियो में वीर, तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। वीडियो में तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जैसे ही तारा कार से उतरीं तो वीर उन्हें पैपराजी से प्रोटेक्ट करते नजर आए। तारा और वीर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दोनों के फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि अब क्लियर हो रहा है कि दोनों डेट कर रहे हैं तो कुछ ने प्यार वाला हार्ट इमोजी शेयर किया है। यह पहली बार नहीं है, जब वीर और तारा को साथ में स्पाट किया गया था। इससे पहले दोनों साथ में इटली वेकेशन भी मानने गए थे। दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर सेम लोकेशन की फोटो भी शेयर की थी। बता दें, वीर और तारा कुछ महीने



पहले लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वाक किया था, जिसके बाद से डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई। लैक्मे फैशन वीक में साथ रैंप वाक किया था। बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## नेशनल फिल्म अवार्ड को लेकर मौसमी चटर्जी का खुलासा

### कहा- अवार्ड के बदले मांगे गए थे पैसे, किशोर कुमार से भी हुई थी ऐसी मांग

**मुंबई।** फिल्मों को दिए जाने वाले अवाड्र्स को लेकर इंडस्ट्री में हमेशा दो राय रही है। इंडस्ट्री में कई दिग्गज एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला। वहीं, कई एक्टर्स ने दावा किया है कि उन्हें पैसे के बदले अवार्ड आफर हुई थी।

इंडस्ट्री में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू करने वाली मौसमी चटर्जी ने 70-80 के दशक में कई हिट फिल्में दी हैं। मौसमी बंगाली और हिंदी सिनेमा का चर्चित चेहरा रही हैं। उन्होंने अपने करियर में 'बालिका बधू', 'अनुराग', 'अंगूर', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को लेकर मौसमी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें दो बार पैसों के बदले अवार्ड की पेशकश की गई थी। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- 'मुझे मेरी फिल्म अनुराग और रोटी कपड़ा और मकान के लिए आफर मिला। मैंने कहा कि मैं अवार्ड के लिए पैसे नहीं दूंगी।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ऋषि कपूर को लेकर भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म 'बाबी' के लिए पैसे देकर अवार्ड खरीदे थे। पैसे के बदले अवार्ड का जिक्र ऋषि कपूर अपनी किताब 'खुल्लम-खुल्लम' में भी बताया था। अपनी किताब में उन्होंने लिखा कि एक पीआर वाले के जरिए 30 हजार में अवार्ड खरीदा था। हालांकि, बाद में उन्हें इस बात का पछतावा भी हुआ। पैसे के बदले अवार्ड की पेशकेश सिंगर और एक्टर किशोर कुमार को भी हुई थी।



यह दावा उनके बेटे अमित कुमार ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में किया था। अमित कुमार ने बताया था कि किशोर कुमार एक समय दूर गगन की छांव में के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बहुत करीब थे। साल 1964 में आई इस फिल्म को किशोर कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसमें उन्होंने बेटे अमित कुमार के साथ एक रोल किया था। फिल्म बाक्स आफिस पर बहुत सफल रही और फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के देने की चर्चा भी थी, लेकिन मंत्रालय में किसी ने रिश्वत की मांग की, जिसकी वजह फिल्म को अवार्ड नहीं मिला। अमित ने इंटरव्यू में कहा-उन्हें दिल्ली मंत्रालय के किसी आदमी का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता से कहा, अगर तुम कुछ दोगे, तो हम तुम्हें नामिनेट कर सकते हैं। मेरे पिता ने कहा, तुम मेरी जान के पीछे क्यों पड़े हो? मेरी फिल्म तो हिट है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108